वर्ष : 33 ▸ अंक : 99 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 25 जून 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



मराठवाडा के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी

रायगढ़, सिंधुदुर्ग, पुणे, कोल्हापुर, सतारा, रत्नागिरी, अकोला, अमरावती, बुलढाणा, गढ़चिरौली जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

**96 घंटे के लिए अलर्ट जारी**

# आज से होगी भारी बारिश

अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र में मॉनसून सक्रिय हो गया है। राज्य के अधिकांश जिलों में मॉनसूनी बारिश तेज हो गई है। पुणे के कई हिस्सों में रविवार शाम में मूसलाधार बारिश हुई। मौसम विभाग (IMD) ने मराठवाडा के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट दिया है।

### आईएम इलाकों में येलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य महाराष्ट्र में कुछ स्थानों पर भारी (64.5-115.5 मिमी) से बहुत भारी बारिश (115.5-204.4 मिमी) होने की बहुत अधिक संभावना है। वहीं, 25-27 जून के दौरान कुछ स्थानों पर जोरदार बारिश होने के आसार है। आईएमडी ने रायगढ़, सिंधुदुर्ग, पुणे, कोल्हापुर, सतारा, रत्नागिरी, अकोला, अमरावती, बुलढाणा, गढ़चिरौली जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि मुंबई, ठाणे, पालघर समेत बाकी सभी जगहों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### कोंकण क्षेत्र में 6 जून को मानसून की दस्तक

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने राज्य के कोंकण क्षेत्र में 6 जून को समय से पहले दस्तक दी। इसके बाद 8 जून को पुणे और 9 जून को मुंबई, ठाणे, पालघर में मॉनसून का आगमन हुआ। लेकिन फिर मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ गई और विदर्भ में एंट्री से पहले ही रुक गया। हालांकि 21 जून को मॉनसून ने विदर्भ में प्रवेश किया और बारिश होने से भीषण गर्मी से राहत मिली।

### इस हफ्ते जमकर होगी बारिश

राज्य में मॉनसून के मजबूत होने के संकेत मिल रहे है. बंगाल की खाड़ी में मॉनसून के लिए अनुकूल बदलाव देखा गया है। इसके चलते जून के आखिरी हफ्ते में प्रदेश में भारी बारिश होगी। इसके चलते मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश होने की संभावना जताई है। मुंबई में मूसलाधार बारिश की भविष्यवाणी मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों में मंगलवार से बारिश का जोर बढ़ेगा। मौसम विभाग ने 25 से 28 जून तक भारी बारिश की भविष्यवाणी करते हुए अलर्ट जारी किया है।

न्यूज़ ब्रीफ

### 23 जुलाई को होगा मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष का चुनाव

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने सोमवार को बताया कि उसके नये अध्यक्ष का चुनाव 23 जुलाई को होगा। इस महीने की शुरुआत में एमसीए के पूर्व अध्यक्ष अमोल काले का निधन हो गया था। काले टी20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान का मैच देखने न्यूयॉर्क गये थे। इस 47 साल के खेल प्रशासक का निधन नौ और 10 जून के बीच रात को दिल का दौरा पड़ने से हो गया था। वह भारत के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को पछाड़कर अक्टूबर 2022 में एमसीए के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने के लिए एमसीए ने सोमवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जिसके अनुसार 'सदस्य क्लबों और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों' के प्रतिनिधियों के नाम आमंत्रित करने के लिए 25 जून से दो जुलाई के बीच की अवधि रखी गई है।

### चार पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

**पुणे।** पुणे में एक बार तय समय सीमा से अधिक देर तक खुला पाये जाने के बाद आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया और चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। महाराष्ट्र के पुणे शहर के फर्ग्यूसन कॉलेज रोड पर स्थित एक बार का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर आया, जिसमें बार में कुछ लोग नशीले पदार्थ के साथ दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

### कीमत काबू में रखने की कवायद, गेंहू पर लगी स्टॉक-लिमिट

**नई दिल्ली।** जमाखोरी रोकने और प्राइस को स्टेबल रखने के लिए के लिए 24 जून को केंद्र सरकार ने गेहूं पर स्टॉक होल्डिंग लिमिट लगा दी है। ये लिमिट सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ट्रेडर्स/होलसेलर, रिटेलर्स, बिग चेन रिटेलर्स और प्रोसेसर्स पर लागू होगी। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए यह आदेश 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। केंद्रीय फूड सेक्रेटरी संजीव चोपड़ा ने कहा कि सिंगल रिटेलर्स, बिग-चेन रिटेलर्स, प्रोसेसर और होलसेलर हर शुक्रवार को गेहूं के स्टॉक की जानकारी देंगे। चोपड़ा ने कहा, "मैं देश में गेहूं की कमी को दूर करना चाहता हूं।"

### महिलाओं को मिल सकता है बड़ा तोहफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए एक नई योजना लाने की तैयारी कर रही है। इस योजना के तहत गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाओं के बैंक खातों में सीधे पैसे जमा करने की प्लानिंग कर रही है। इस योजना के लिए आयु सीमा 21 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जो लाडली बहना योजना के समान है। इसके अतिरिक्त, लाभ पाने के लिए परिवार की आय सालाना ढाई लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## 'दो दिन में करेंगे महाराष्ट्र को हिला देने वाला खुलासा'

धीरज सिंह । मुंबई

लोकसभा चुनाव के बाद अब साल के अंत में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होंगे। सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। नेताओं के पाला बदलने और आरोप-प्रत्यारोप का भी दौर शुरू हो गया है। महाविकास आघाडी के नेता विभिन्न मुद्दों को लेकर महायुति की सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है। इस बीच हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में राज्य के वित्त मंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने मतदाताओं से अपील की कि वे जितना चाहें उतनी निधि ले पर ईवीएम का बटन सावधानी से दबाएं। लेकिन हकीकत में यह बात सामने आई है कि सरकार के पास फंड की कमी है।

### रोहित पवार का बड़ा दावा

### ठेकेदार महासंघ का पत्र किया साझा



इसी को आधार बनाते हुए एनसीपी (शरद चंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने महाराष्ट्र राज्य ठेकेदार महासंघ का पत्र साझा किया और सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधा। रोहित पवार ने कहा कि वह अगले दो दिनों में इस बारे में बड़ा खुलासा करेंगे। इस संबंध में रोहित पवार ने एक्स पर एक पोस्ट भी किया है। रोहित पवार ने दावा किया है कि पिछले ढाई साल से सत्ताधारी पार्टी ने कमीशन लेने के अलावा कोई लाइट नहीं जलाई है, इसलिए लोगों में सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ काफी गुस्सा है और ये गुस्सा जैसा लोकसभा में दिखा वैसा विधानसभा में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा कि " अब जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो यह दुविधा कि कैसे दिखाया जाए कि हमने कुछ किया है, आने वाले सत्र में सत्तारूढ़ विधायकों को पर्याप्त धनराशि देने की ओर बढ़ रही है। लेकिन धन कहां से आएगा? क्या इस सवाल का संबंध वित्त मंत्री और गृह मंत्री से है जिनके हस्ताक्षर से वित्त मंत्री की फाइल पास होती है या नहीं?"

### राज्य में अधिकांश काम बंद हुए

सरकार की इस फिजूलखर्ची से राज्य के खजाने की रकम डगमगा गई है और लोक निर्माण विभाग का इस साल का 20 हजार करोड़ का बिल अभी भी बकाया है। चुंकि सरकार बिलों का भुगतान नहीं कर रही है, इसलिए राज्य में अधिकांश काम भी बंद हो गए हैं।

### खजाने को डूबा देगी सरकार : रोहित पवार

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में क्या अधिक कमीशन खाने और नौकरशाहों, विधायकों को खुश करने के लिए नए कार्यों के वित्तपोषण के लिए यह नाटक किया जा रहा है? यह तय है कि इस काम के लिए दोबारा हजारों करोड़ का कर्ज लिया जाएगा, यह सरकार दोबारा सत्ता में नहीं आएगी लेकिन राज्य के खजाने को डूबा के जाएगी। रोहित पवार ने कहा कि इस संबंध में राज्य के खजाने को कुतरने वाला अगले दो दिनों में राज्य को हिला देने वाला बड़ा खुलासा करेंगे।

## महाराष्ट्र में मिला कथित नीट धांधली का कनेक्शन

### पुलिस ने स्कूल शिक्षक को किया गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में भी कथित नीट धांधली का कनेक्शन मिला है और इस मामले में आतंकवाद निरोधक दस्ते यानी एटीएस ने एक जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में चार अन्य लोगों पर केस भी दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि पैसे देकर नीट परीक्षा पास करने के इच्छुक छात्रों की मदद करने के लिए एक रैकेट चलाया जा रहा था। मामले में एटीएस की तरफ से जिन चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है उनमें दो शिक्षक लातूर जिले के, एक नांदेड और एक दिल्ली का निवासी है।

### पुलिस ने कुल चार लोगों पर दर्ज किया केस



जानकारी के मुताबिक लातूर जिले के दो शिक्षक संजय तुकाराम जाधव और जलील खान उमर खान पठान, नांदेड के इरन्ना मश्नाजी कोंगलवाव और दिल्ली के रहने वाले शख्स गंगाधर पर सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत केस दर्ज किया गया है। इस मामले में एक शिक्षक जलील खान उमर खान पठान को रविवार की देर रात गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन बाकी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

### गुप्त सूचना पर एटीएस ने की कार्रवाई

एटीएस अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग पैसे के बदले में नीट छात्रों को परीक्षा पास कराने के लिए अवैध रैकेट चला रहे हैं। इसके बाद एटीएस ने पूछताछ के लिए शनिवार रात को लातूर से जाधव और पठान को हिरासत में लिया। लातूर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार हिरासत में लिए गए लोगों में से एक के मोबाइल फोन में नीट 2024 परीक्षा से संबंधित संदिग्ध जानकारी मिली।

### तीन फरार आरोपियों की तलाश जारी

मामले में पुलिस ने कहा, गिरफ्तार आरोपी की पहचान जलील खान उमर खान पठान के रूप में हुई है, जबकि अन्य तीन फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने कहा कि जाधव और पठान लातूर जिले के एक जिला परिषद स्कूल के प्रधानाध्यापक हैं और एक निजी कोचिंग सेंटर चलाते हैं।

## नाबालिग बेटी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### फोन पर एप डाउनलोड करने के लिए मना करना किया तो उठाया यह कदम

दोपहर संवाददाता । ठाणे

आजकल बच्चों में फोन के इस्तेमाल करने का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। छोटे बच्चों से लेकर टीनएजर भी घंटों फोन में अपना समय बिताते हैं। स्मार्टफोन के नाम पर नए-नए 'मैसेजिंग एप' होते हैं जिसको बच्चे यूज करते हैं। जब माता-पिता बच्चों को फोन कम यूज करने के लिए रोक-टोक लगाते हैं तो बच्चे नहीं मानते। महाराष्ट्र में जब एक पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को फोन पर एक एप डाउनलोड करने के लिए मना किया था बस इसके बाद बेटी ने जो खौफनाक कदम उठाया उसे सुनकर आप भी दंग रह जाएंगे। यह दर्दनाक खबर महाराष्ट्र के ठाणे जिले की है। जहां पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को मोबाइल फोन पर 'मैसेजिंग एप' डाउनलोड किए जाने से मना कर दिया था। जिसके बाद 16 वर्षीय एक किशोरी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।



**पिता ने 'स्नैपचैट' ऐप डाउनलोड करने से किया था मना :** पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना डोम्बिवली इलाके के निलजे में शुक्रवार रात हुई। मनपाड़ा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि लड़की ने अपने मोबाइल फोन पर 'स्नैपचैट' एप डाउनलोड की थी और जब उसके पिता ने उसे ऐसा नहीं करने के लिए कहा तब वह नाराज हो गयी।

### नाबालिग बेटी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

उन्होंने बताया कि लड़की ने शुक्रवार रात अपने घर के एक कमरे में पंखे से कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया।

## UGC NET मामले में बड़ा खुलासा

### डार्क नेट पर बेचा जा रहा था पेपर, जब्त किए गए 9 फोन से डेटा डिलीट पाया गया

एजेंसी । नई दिल्ली

UGC NET मामले में चल रही जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। UGC NET मामले की जांच में पता चला है कि जब्त किए गए 9 मोबाइल फोन के टेलीग्राम एप का डेटा डिलीट किया गया है। पेपर लीक की खबर आने के बाद जब NET का एग्जाम कैंसिल हुआ उसके बाद जब्त किए गए कुल 9 मोबाइल फोन से डेटा डिलीट पाया गया। जांच में पाया गया है पेपर को डार्क नेट पर बेचा जा रहा था।




### डार्क नेट पर बेचा जा रहा था पेपर

मिली जानकारी के अनुसार डेटा रिट्रीव करने के लिए CFSL की मदद ली जा रही है। आज कुशीनगर के जिस छात्र(निखिल) को CBI ने पूछताछ के लिए बुलाया था, उससे 6 घंटे पूछताछ करने के बाद उसको छोड़ा गया। जानकारी के मुताबिक पूछताछ के लिए उसे दोबारा बुलाया जा सकता है। पेपर डार्क नेट के ज़रिए बेचा जा रहा था, इस बात की भी पुष्टि जांच में हुई है।

### नीट पेपर लीक मामले में भी बड़ा खुलासा हुआ

ओएसिस स्कूल प्रबंधक ने बताया कि परीक्षा के पहले प्रश्न पत्र निकालने के लिए जिस बॉक्स को खोला जाना था उसमें लगे डिजिटल लॉक ने उस दिन काम नहीं किया। दरअसल उसमें दो लॉक लगे होते हैं। 1.15 बजे बीप की आवाज़ आते ही बॉक्स खुल जाता है। लेकिन उस दिन ऐसी कोई आवाज़ नहीं आयी। ऑब्जर्वर ने NTA को जानकारी दी। NTA ने कहा कि लगता है तकनीकी दिक्क़त की वजह से आवाज़ नहीं आयी। फिर उसे कटर से काटने को कहा गया। फिर कटर से उसमें लगे डिजिटल लॉक को काटा गया, जिसके बाद प्रश्न पत्र को बाहर निकला गया।

### PM और VVIP लिए सड़कें, फुटपाथ खाली कराए जाते हैं तो फिर सबके लिए क्यों नहीं : कोर्ट

## कोर्ट ने राज्य सरकार और बीएमसी को लगाई फटकार

मुनीब चौरसिया । मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता। जस्टिस एम. एस. सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए। उन्हें (राज्य सरकार) अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे।



### कोर्ट ने राज्य सरकार और BMC को लगाई फटकार

हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष शहर में अनाधिकृत रेहड़ी और फेरीवालों के मुद्दे पर स्वत: संज्ञान लिया था। पीठ ने सोमवार को कहा कि उसे पता है कि समस्या बड़ी है लेकिन राज्य और नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी इसे ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। पीठ ने इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई का आह्वान किया। कोर्ट ने कहा, "जब प्रधानमंत्री या कोई वीवीआईपी आते हैं तो सड़कें और फुटपाथ तुरंत साफ कर दिए जाते हैं और जब तक वे यहां रहते हैं, तब तक ऐसा ही रहता है। तब यह कैसे हो जाता है? यह बाकी सभी लोगों के लिए क्यों नहीं किया जा सकता? नागरिक कर देते हैं, उन्हें साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित जगह की जरूरत है।"

### 22 जुलाई को अगली सुनवाई

कोर्ट ने कहा, "फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान एक मौलिक अधिकार है। हम अपने बच्चों को फुटपाथ पर चलने के लिए कहते हैं लेकिन अगर चलने के लिए फुटपाथ ही नहीं होंगे तो हम अपने बच्चों से क्या कहेंगे?" पीठ ने कहा कि बरसों से अधिकारी कह रहे हैं कि वे इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा, "राज्य सरकार को कछ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। ऐसा नहीं हो सकता कि अधिकारी केवल सोचते ही रहें कि क्या करना है। ऐसा लगता है कि इच्छाशक्ति की कमी है, क्योंकि जहां इच्छाशक्ति होती है वहां हमेशा कोई न कोई रास्ता निकल ही आता है।" बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील एसयू कामदार ने कहा कि ऐसे रेहड़ीवालों और फेरीवालों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती है लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीएमसी भूमिगत बाजार के विकल्प पर भी विचार कर रही है। अदालत मामले पर अगली सुनवाई 22 जुलाई को करेगी।

## शरद पवार गुट का चुनाव आयोग को पत्र

दोपहर संवाददाता । मुंबई

लोकसभा चुनाव के बाद अब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। इसे लेकर



चुनाव आयोग के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा के बाद शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने केंद्रीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर चुनाव चिन्ह को लेकर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने इस पत्र में मांग की है कि पिछले साल उसे आवंटित 'तुतारी' निशान से मिलते-जुलती 'पिपानी' को चुनाव चिन्हों की सूची से बाहर किया जाए। 'पिपानी' निशान निर्दलीय प्रत्याशियों को देने की वजह से लोकसभा चुनाव में हमें भारी नुकसान हुआ है। इसलिए इस मामले में फैसला लिया जाए, नहीं तो हम सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे।

# महाराष्ट्र विधानसभा में 30 से 35 सीटों पर चुनाव लड़ेगी सपा : अबू आसिम आजमी

### वसई में समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन

### शिवसेना के 50 कार्यकर्ता सपा में शामिल

**वसई।** 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम से उत्साहित समाजवादी पार्टी अब महाराष्ट्र की आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी पेश करेगी। इसके लिए सपा अपने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने का हर संभव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पालघर जिले के वसई पूर्व के रेंज ऑफिस स्थित एक होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व समाजवादी पार्टी के पालघर जिलाध्यक्ष कैलाशनाथ यादव ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अबू आसिम आजमी ने कहा समाजवादी पार्टी अब देश में तीसरे नंबर की पार्टी है। अब समूचे महाराष्ट्र में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और प्रसार का काम करना है। उन्होंने आगे कहा कि गठबंधन की पार्टी ने इस बार बेहतर प्रदर्शन किया है। हमारा प्रयास है कि हमारा गठबंधन टूटे नहीं, लेकिन मुझे दुःख इस बात की है कि, गठबंधन के नेता हमारी पार्टी का नाम नहीं लेते। इस बार विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी अपने दम पर 30 से 35 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यदि गठबंधन साथ आता है, तो उनका भी स्वागत है।

### वसई विरार के कॉरपोरेशन इलेक्शन में भी दावेदारी



अबू आजमी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगे कहा कि समाजवादी पार्टी आगामी चुनाव में महाराष्ट्र के अन्य जिलों सहित वसई विरार के कॉरपोरेशन इलेक्शन सहित असेंबली इलेक्शन में भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेगी और काबिल प्रत्याशियों को टिकट देकर उन्हें असेंबली तक लाएगी। इस दौरान शिवसेना (शिंदे गुट) से सपा में शामिल हुए पचास से ज्यादा कार्यकर्ताओं को सपा का झंडा थमाकर पार्टी में प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का मनोरंजन व उत्साहवर्धन के लिए पहुंची बिरहा गायिका ने समाजवादी पार्टी से जुड़े बिरहा गीतों की प्रस्तुति से खूब वाहवाही लूटी। मंच संचालन अजीत यादव ने किया।

## बेटे ने माता-पिता को घर से बाहर निकाला

**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले के विक्रमगढ़ इलाके में एक कुपूत ने अपने बुजुर्ग माता-पिता को घर से निकाल दिया। बेटे की पिता से रेस्तरां, बार और रिसॉर्ट के प्रबंधन को लेकर बहस हो गई। इसके बाद दोनों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि बेटे ने माता-पिता को घर से बाहर निकाल दिया। फिलहाल पुलिस बुजुर्ग दंपत्ति की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, परिवार के स्वामित्व वाले रेस्तरां, बार और रिसॉर्ट के प्रबंधन को लेकर आरोपी बेटे (44) और उसके 75 वर्षीय पिता के बीच तीखी बहस हुई थी, जिसके बाद बेटे ने अपने माता-पिता को विक्रमगढ इलाके में स्थित घर से बाहर निकाल दिया।

पिता द्वारा अपने बेटे से कारोबार का लेखा-जोखा मांगे जाने पर विवाद शुरू हुआ। इसके बाद आरोपी बेटे ने अपने पिता की ओर कुछ चीजें फेंकी और बाद में घर के ताले बदल दिए। बुजुर्ग पिता सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष भी हैं। बुजुर्ग दंपति के बेटे ने जब उन्हे बेघर कर दिया तो डाक्टर बिटिया उनका सहारा बन गई। पीड़ित दंपत्ति फिलहाल अपनी बेटी के पास है। बेटी पेशे से डॉक्टर है। अब बेटी ही माता-पिता की देखभाल कर रही है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर दंपति के बेटे के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। बुजुर्ग दंपति की बेटे की घिनौना कारनामा चर्चाओं में है। लोगों ने आरोपी बेटे पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पूर्वी विदर्भ में बढ़ेगी शिवसेना की ताकत

### भंडारा के निर्दलीय विधायक नरेंद्र भोंडेकर शिवसेना में शामिल

### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में थामा भगवा



**मुंबई/भंडारा।** भंडारा के निर्दलीय विधायक नरेंद्र भोंडेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हो गए। विधायक भोंडेकर के पार्टी में आने से पूर्व विदर्भ में शिवसेना पार्टी की ताकत बढ़ेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि उनके पार्टी में शामिल होने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और आने वाले समय में पार्टी संगठन मजबूत होगा।

### निर्दलीय के रूप में विधानसभा चुनाव लड़े थे भोंडेकर

दो साल पहले राज्य में सत्ता परिवर्तन के दौरान नरेंद्र भोंडेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का समर्थन किया था। हालांकि नरेंद्र भोंडेकर एक स्वतंत्र विधायक हैं, लेकिन वे पूरी तरह से शिवसैनिक हैं। 2019 में पार्टी द्वारा अस्वीकार किए जाने के बाद, उन्होंने निर्दलीय के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि नरेंद्र भोंडेकर जी शुरू से शिवसैनिक थे। उनके पास जिला संपर्क प्रमुख की जिम्मेदारी थी। वंदनीय बाळासाहेब जी के विचारों को मानने वाले भोंडेकर ने आधिकारिक तौर पर शिवसेना पार्टी में प्रवेश कर लिया। शिवसेना कभी शक्ति प्रदर्शन नहीं करती। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवसेना साल के 365 दिन काम करती है. मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार किया जायेगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भंडारा जिले में वैनगंगा नदी पर विश्व स्तरीय जल पर्यटन परियोजना के पहले चरण की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री जी द्वारा 547 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन विकास कार्यों के लिए विधायक नरेंद्र भोंडेकर जी ने फॉलो अप किया था।

## मतदान के लिए पहचान पत्र मतदान केंद्र पर लेकर जाना आवश्यक

**ठाणे।** कोंकण विभागीय स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव की तारीख 26 जून को आयोजित किया गया है। मतदान करने के लिए मतदाता को मतदान केंद्र पर फोटो रहित पहचान पत्र साथ में रखना आवश्यक है या चुनाव आयोग के द्वारा निर्धारित कोई भी पहचान पत्र दिखा सकते हैं। यह जानकारी कोकण उपायुक्त व चुनाव निर्णय अधिकारी अमोल यादव ने दी। चुनाव आयोग ने आदेश दिया है कि जो मतदाता द्विवार्षिक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव के लिए मतदान करते समय मतदान केंद्र पर मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं, उन्हें मतदाता पहचान पत्र (EPIC) के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट (पासपोर्ट), राज्य,केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए



पहचान पत्र, सांसद,विधायक,एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र,शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जारी पहचान पत्र, शिक्षक,स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में नियोजित किया जा सकता है।विश्वविद्यालय द्वारा मूल जारी डिग्री/डिप्लोमा का प्रमाण पत्र,अधिकारी द्वारा जारी शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र व आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को प्रमाण के रूप चलेगा।26 जून सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक बड़ी संख्या में मतदान करने के चुनाव निर्णय अधिकारी अमोल यादव ने आवाहन किया है।

## खतरनाक स्थिति में नालों पर बने कई चैंबर

**धारावी।** धारावी के कई हिस्सों में नगर पालिका द्वारा घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए छोटे-बड़े नालों का निर्माण कराया गया है। इन नालों के माध्यम से बड़ी मात्रा में अपशिष्ट जल बहाया जाता है। इन नालों पर बने कई चैंबर खतरनाक स्थिति में हैं।

अक्सर इन टूटे खतरनाक चैंबरों में बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं के फंसने की घटनाएं होती रही हैं। वर्तमान में, मानसून के दिनों के कारण धारावी के कई निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। स्थानीय निवासियों को जमा पानी के बीच से अपने दैनिक कार्य करने पड़ रहे हैं। यदि चैंबर स्थल पर बारिश का पानी जमा हो गया तो वहां से गुजरने वाले राहगीरों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। नगर निगम प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। अन्यथा स्थानीय लोगों को डर है कि किसी नागरि

क की हत्या कर दी जायेगी. धारावी में कई जगहों पर ऐसी स्थिति पैदा होने से धारावी निवासी चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

### फिर दागदार हुई वर्दी

# शादी का झांसा देकर मॉडल से किया दुष्कर्म, खींची अश्लील तस्वीरें

**ठाणे।** महाराष्ट्र में एक बार फिर खाकी दागदार हुई। एक मॉडल ने रेलवे पुलिस के कांस्टेबल पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रेलवे पुलिस में कांस्टेबल 24 वर्षीय वैभव अंगरख पर शादी का वादा करके पिछले 10 महीनों में 24 वर्षीय मॉडल से बार-बार बलात्कार करने का आरोप लगा है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी पुलिसकर्मी ने कथित तौर पर युवती की नग्न तस्वीरें खींचीं है और उसके सोशल मीडिया अकाउंट को भी हैक किया है। आरोपी ने युवती के अंतरंग तस्वीरों को वायरल करने की धमकी दी है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पुलिसकर्मी वर्तमान में पालघर में तैनात है।

### खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसने 11 मई को ठाणे के खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। हालांकि महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराने के एक महीने से अधिक समय बाद शनिवार को खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई। एफआईआर में कहा गया है कि रेलवे पुलिसकर्मी को किसी तरह महिला की लिखित शिकायत की एक प्रति मिल गई। जिसके बाद उसने कथित तौर पर पीड़िता और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) के तहत झूठे मामले



में फंसाने की धमकी दी। दोनों की मुलाकात पिछले साल जुलाई में सोशल मीडिया पर हुई थी। युवती ने दावा किया कि आरोपी रेलवे पुलिसकर्मी ने कपड़े बदलते और नहाते समय उसकी तस्वीरें खींच लीं और उसे वायरल करने की धमकी दे रहा है।

## टी 20 वर्ल्ड कप पर सट्टा लगाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

### 44 हजार का मुद्देमाल बरामद

**भिवंडी।** ठाणे के खंडानी विरोधी पथक की टीम ने मुंबई नासिक हाईवे स्थित मानकोली के पास रुक्मिणी ढाबा पर छापा मारकर टी 20 विश्व कप के दौरान मैच पर सट्टा लगाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार ठाणे खंडनी विरोधी पथक को टी 20 विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान बड़े पैमाने पर सट्टेबाजी की सूचना मिली थी। जब उनकी टीम ने मुंबई नासिक बाईपास रोड पर स्थित मानकोली में रुक्मिणी ढाबा पर छापा मारकर उल्लास नगर निवासी अनिल वालेचा को हिरासत में लिया गया। उसे अंबरनाथ के फरार सागर तेजवानी और राजू तेजवानी की मदद से अपने वित्तीय लाभ के लिए विभिन्न वेबसाइटों के माध्यम से क्रिकेट सट्टेबाजी के लिए पासवर्ड उपलब्ध कराते हुए पाया गया था। पुलिस ने मौके से 44 हजार रुपए कीमती का मुद्देमाल जब्त किया है, और उक्त प्रकरण में भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# एक ही दिन चोरी की कुल चार घटनाएं दर्ज

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी में इन दिनों चोरी और सेंधमारी की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है और एक ही दिन में चार चोरी और सेंधमारी की घटनाएं विभिन्न पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई हैं।



### पहली घटना

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार भिवंडी तालुका के अंजुरगांव रोड पर मधुसूदन कंपाउंड में एमटेक्स एंटरप्राइजेज कंपनी के गोदाम में अज्ञात चोर ने गोदाम के बंद शटर को तोड़ दिया और गोदाम के अंदर प्रवेश कर 2 लाख 64 हजार 870 रुपये के स्टेनलेस स्टील की पाइप चोरी कर फरार हो गये। इस मामले में गोदाम प्रबंधक हितेश जैन की शिकायत के आधार पर नारपोली पुलिस स्टेशन में चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

**दूसरी घटना :** दूसरी घटना में पन्ना कंपाउंड न्यू कनेरी इलाके में मनीष कुमार जैन की लूम फैक्ट्री में तैयार 75 हजार रुपये कीमत के कपड़े कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

**तीसरी घटना:** इसके अलावा, तीसरी घटना में पद्मानगर क्षेत्र के मार्कंडेय नगर की एक इमारत में रहने वाली गौरूबाई कट्टेकोल्ला ने शाम 6:30 से 8:30 बजे के बीच घर बंद कर बाहर गई थी, तभी किसी अज्ञात चोर ने नकली चाबी से दरवाजे का ताला खोला और घर की अलमारी में रखी 45 ग्राम वजनी हार और 6 ग्राम वजनी सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी सहित कॉलेज 77 हजार रुपए कीमत के आभूषण चोरी कर फरार हो गया है। उक्त दोनों चोरी की घटनाओं के संबंध में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

**चौथी घटना:** चौथी घटना में ब्राह्मण अली में आवासीय परिसर में रहने वाले राजेश आंग्रे घर पर नहीं थे, उनके घर में पलंग के अंदर प्लास्टिक की बोरी में 2 लाख 55 से रुपये के सोने के गहने रखे थे, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गया। इस मामले में निजामपुरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है।

## युवक ने की आत्महत्या

### बायपोलर विकार से पीड़ित था मृतक

**डोंबिवली।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में एक 19 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली । पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी । जिले के विष्णु नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि युवक ने 22 जून को रात करीब 8 बजे गरीबाचा वाडा में अपने घर में फांसी लगा ली। अधिकारी ने कहा, ''उसके पिता ने हमें बताया कि युवक बाय पोलर विकार से पीड़ित था और उसका उपचार चल रहा था। वह अक्सर अपनी उम्र बढ़ने को लेकर परेशान रहता था। इस मामले में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है।''



### रोचक यात्रा

# लंदन से एसयूवी चलाकर ठाणे पहुंचा ब्रिटिश नागरिक



**ठाणे।** अपनी मां से मिलने की तड़प में एक भारतीय मूल का ब्रिटिश युवक लंदने से ठाणे तक एसयूवी चलाकर पहुंचा। 59 दिनों में 16 देशों से होते हुए लगभग 18,300 किलोमीटर की यात्रा के बाद वह भारत पहुंचा। 59 दिनों की यह यात्रा आसान नहीं रही, विभिन्न देशों के मौसम को झेलते हुए वह अपनी मां से मिला।

### इन दिनों से होते हुए लंदन से ठाणे पहुंचे

विराज के अनुसार, उन्होंने 18,300 किलोमीटर की दूरी तय की। वे यूके, फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम, पोलैंड, लिथुआनिया, लातविया, एस्टोनिया, रूस, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, चीन, तिब्बत, नेपाल और अंत में भारत पहुंचे।

### जानें कैसा रहा ये सफर

मां से मिलने के लिए एक युवक ने एक अनोखी यात्रा तय की है। जिसके कारण वह सुर्खियों बटोर रहा है।एक भारतीय मूल का ब्रिटिश नागरिक विराज मुंगाले अपनी मां से मिलने के लिए लंदन से ठाणे तक अपनी एसयूवी चलाकर आया। 59 दिन पहले लंदन से एसयूवी से निकला विराज 16 देशों से होते हुए 18,300 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद भारत पहुंचा। विराज ने बताया कि वह प्रतिदिन लगभग 400-600 किलोमीटर की यात्रा करता था। उसने कभी-कभी 1,000 किलोमीटर तक की यात्रा भी की। विराज ने कहा कि हमेशा रात में ड्राइविंग से बचते हुए सुरक्षा को प्राथमिकता देता था। उन्होंने बताया कि अक्सर रात का सफर करने से वे बचते थे। विराज ने बताया कि यात्रा के दौरान उनके सामने कई सारी चुनौतियां थीं।जैसे बीमारी, बर्फ और ठंड कहीं गर्म मौसम उनकी यात्रा में चुनौती बना। रास्ते में कहीं ठंड तो कहीं बर्फ, कहीं गर्मी तो कहीं धूल धूप। बावजूद 59 दिनों की चुनौतीपूर्ण यात्रा के बाद वे 17 जून को ठाणे पहुंचे। विराज ने बताया कि अब वह विमान से ब्रिटेन लौटेंगे। अपनी एसयूवी को जहाज से लाएंगे। विराज मुंगाले ने बताया कि रास्ते में, उनके साथ नेपाली मित्र रोशन श्रेष्ठा भी थे। जो नेपाल के काठमांडू तक गए। विराज बताते हैं कि इस साहसिक यात्रा की प्रेरणा ऐतिहासिक सिल्क रूट के प्रति उनके आकर्षण से मिली। साथ ही ऐसे अन्य लोगों की कहानियों से भी मिली, जिन्होंने ऐसी ही यात्राएं की थीं। विराज ने बताया कि मां से मिलने के बाद उनकी थकान दूर हो गई।

## अजय नायक बने भिवंडी रोटरी सेंट्रल के प्रेसिडेंट



**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के प्रसिद्ध समाजसेवी अजय नायक को रोटरी क्लब आप भिवंडी सेंट्रल के वर्ष 24- 25 के प्रेसिडेंट पद पर नियुक्त किया गया। भिवंडी के मध्य भाग में स्थित BMPA हॉल' में रविवार को आयोजित रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी सेंट्रल की तरफ से 'पदग्रहण समारोह में भिवंडी रोटरी के अध्यक्ष पद पर श्री अजय चंद्रभूषण नायक और सचिव के पद पर श्री आदेश हेमंत पाटील का पदग्रहण कार्यक्रम जिला प्रांतपाल दिनेश भाई मेहता के हाथों सम्पन्न हुआ। जिसमे प्रथम महिला ज्योति मेहता, अस्सिटेंट गवर्नर जगदीश म्हात्रे, डिस्ट्रिक्ट सचिव हरिशचंद्र भोईर, याकूब बेट्सनीवाला, कीर्ति वाडलकार, नीलेश वजीरानी, विजय केवलरमानी, जेठा भाई, सुखदा देशपांडे, रोहिदास भोईर, समीर म्हात्रे ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई।कार्यक्रम में अध्यक्ष, सचिव के साथ क्लब और नयी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर को अपनी शुभकामनाएं भी प्रदान किया।

# भारत-अफ्रीका डाक सम्मेलन : तीसरा दिन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

भारत सरकार ने संचार मंत्रालय, डाक विभाग के माध्यम से यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन [यूपीयू] और यूनाइटेड स्टेट्स पोस्टल सर्विस [यूएसपीएस] के सहयोग से दक्षिण-दक्षिण त्रिकोणीय सहयोग [एसएसटीसी] के अंतर्गत 24 अफ्रीकी देशों के निर्दिष्ट प्रचालनों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण और अध्ययन यात्रा कार्यक्रम शुरू किया। इसका उद्घाटन समारोह मुंबई के होटल ताज लैंड्स एंड, बांद्रा में 21 जून, 2024 को हुआ। इस अध्ययन यात्रा का उद्देश्य डाकघरों के माध्यम से विभिन्न सेवाएँ प्रदान करने के भारतीय मॉडल को साझा करना और प्रदर्शित करना है।

वर्तमान अध्ययन दौरे के तीसरे दिन 23 जून को प्रतिनिधियों ने मुंबई के हवाई डाक छंटाई मंडल में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आईबीसी) का दौरा किया।

अमिताभ सिंह, पोस्टमास्टर जनरल (मेल प्रबंधन एवं व्यवसाय विकास), महाराष्ट्र सर्किल ने आईबीसी, मुंबई में अफ्रीकी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस अवसर पर हरीश धारनिया, सीमा शुल्क आयुक्त, डॉ. सुधीर गोपाल जाखेरे, सहा. पोस्टमास्टर जनरल (व्यवसाय विकास), महाराष्ट्र सर्किल एवं पांडुरंग चोरमाले, वरिष्ठ अधीक्षक, हवाई डाक छंटाई मंडल भी उपस्थित थे।

अफ्रीकी प्रतिनिधियों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आईबीसी), मुंबई के कामकाज के




बारे में जानकारी दी गई, जो पिछले 2 वर्षों से लगातार 100 करोड़ से अधिक का राजस्व उत्पन्न कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय मेल के लिए एक ही स्थान पर मिलनेवाला समाधान है, जहाँ डाक, सीमा शुल्क और औषधि नियंत्रक विभाग एक ही छत के नीचे काम कर रहे हैं। आईबीसी, मुंबई द्वारा खुदरा और थोक दोनों तरह के ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान की जाती है। सीमा शुल्क और औषधि नियंत्रक विभागों से आवश्यक अनुपालन मिलने पर सभी अंतरराष्ट्रीय डाक वस्तुओं को यहाँ बुक और संसाधित किया जाता है। इन डाकवस्तुओं को उसी परिसर में मौजूद विनिमय के संबंधित कार्यालयों के माध्यम से गंतव्य देशों में भेजा जाता है। प्रतिनिधियों को आईबीसी, मुंबई में की जाने वाली बुकिंग और लेखा प्रक्रिया भी दिखाई गई। इसके अलावा उन्हें कस्टम क्लीयरेंस और प्रेषण प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। डॉ. सुधीर गोपाल जाखेरे, सहा. पोस्टमास्टर जनरल (व्यवसाय विकास), महाराष्ट्र सर्किल ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

अमिताभ सिंह, पोस्टमास्टर जनरल (मेल प्रबंधन एवं व्यवसाय विकास), महाराष्ट्र सर्किल ने प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह भारतीय डाक और अफ्रीकी देशों की डाक सेवाओं के बीच संबंधों की दिशा में एक नई शुरुआत है। हरीश धारनिया, सीमा शुल्क आयुक्त ने कस्टम क्लीयरेंस के बारे में अपने ज्ञान और अनुभव को साझा किया। श्री पांडुरंग चोरमाले, वरिष्ठ अधीक्षक, हवाई डाक छंटाई मंडल की ओर से धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आईबीसी, मुम्बई की गहन जानकारी प्राप्त करने के बाद प्रतिनिधिगण बहुत प्रसन्न हुए तथा अपने अध्ययन दौरे के अगले पड़ाव के लिए उन्होंने दिल्ली की ओर प्रस्थान किया।

दो बजे दोपहर
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** सपने देखो, उसकी कल्पना करो और उसे साकार करो : माइकल जैक्सन

## छगन भुजबल मराठा-ओबीसी समुदाय में खाई पैदा करने की मंशा से दे रहे भड़काऊ बयान: मनोज जरांगे



**मुंबई/छत्रपति संभाजीनगर**
मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने सोमवार को भुजबल पर महाराष्ट्र में दंगा और मराठा-ओबीसी समुदाय के बीच खाई पैदा करने की मंशा से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने मराठा समुदाय को भी सतर्क रहने को कहा है। जरांगे ने यहां एक निजी अस्पताल से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा घोषणा की कि मराठा आरक्षण आंदोलन के लिये अगले कदम पर फैसला 13 जुलाई के बाद किया जाएगा। उन्होंने कहा, "मराठा समुदाय अब मुश्किल में है, जबकि मैं अकेला रह गया हूं। लेकिन मैं संघर्ष करूंगा और सुनिश्चित करूंगा कि मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में आरक्षण मिले।"
मनोज जरांगे का यह बयान ओबीसी नेताओं की भूख हड़ताल के बाद आरक्षण के मुद्दे पर बढ़ते तनाव के बीच आया है। ओबीसी नेताओं की भूख हड़ताल से विभिन्न पिछड़ा वर्ग के लोग लामबंद हुए और फिर सरकार को दखल देना पड़ा। सरकारी नौकरियों एवं शिक्षा में ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण देने की मराठों की मांग से महाराष्ट्र में ध्रुवीकरण हो रहा है।

## महाराष्ट्र की राजनीति में राज ठाकरे के बेटे की एंट्री

**नितिन तोरस्कर**



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में सोमवार को राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के कोर ग्रुप की बैठक हुई। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया गया। राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों का सर्वे एमएनएस की तरफ से किया जा रहा है। अबतक 88 सीटों की सर्वे रिपोर्ट आ चुकी है। इन सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों को शॉर्टलिस्ट किया जा रहा है। महायुति के साथ गठबंधन होगा करना है या फिर अकेले चुनाव लड़ना है, इस पर भी मंथन किया जा रहा है। जुलाई महीने से राज ठाकरे महाराष्ट्र दौरे की शुरुआत करेंगे। राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे भी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव खास एंट्री होने वाली है। अमित ठाकरे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार में अहम भूमिका निभाएंगे।
पार्टी के कोर ग्रुप की बैठक को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा, 'आज हमारे पार्टी की बैठक थी। इस बैठक में हमने चुनाव के मुद्दों पर चर्चा की। सभी को कई जम्मेदारी दी गई है, आगे उसपर पर चर्चा की जाएगी।'
इसके साथ ही राज ठाकरे ने कहा, 'जिस तरह ओबीसी और मराठा समाज में द्वेष बढ़ा रहा है। सभी समाज को साथ लेकर चलना जरूरी है। जातिवाद से वोट मिलता है, इसलिए नेता इसे आगे बढ़ा रहे हैं। जातिवाद से वोट का बंटवारा होता है। मैंने देखा है कि अब राज्य के स्कूली बच्चे भी जाति की बात करने लगे हैं।'

# वर्षा गायकवाड़ के खिलाफ मुंबई के कांग्रेस नेता लामबंद

### मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाने की मांग

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और नवनिर्वाचित सांसद वर्षा गायकवाड़ के खिलाफ मुंबई के कांग्रेस नेता लामबंद हो गए हैं। इनमें से 16 वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिख कर वर्षा गायकवाड़ को मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाने की मांग की है। इन सभी नेताओं ने पार्टी हाईकमान को बताया है कि इस साल अक्टूबर महीने में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। लेकिन चुनाव को लेकर संगठन के स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा है। वर्षा गायकवाड़ उत्तर-मध्य मुंबई लोकसभा संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीत कर सांसद बन गई हैं। इसलिए उनके पास कांग्रेस संगठन का काम करने के लिए समय ही नहीं रहेगा। साथ ही किसी भी वक्त मुंबई नगर निगम के भी चुनाव हो सकते हैं, लेकिन तैयारी के नाम पर कांग्रेस पार्टी में कुछ भी नहीं है।



### इन नेताओं ने लिखा पत्र

खरगे को लिखे गए पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य चंद्रकांत हंडोरे, शहर के पूर्व पार्टी प्रमुख जनार्दन चंदुरकर , अशोक भाई जगताप, वरिष्ठ नेता नसीम खान, सुरेश शेट्टी, मधु चव्हाण, चरणसिंह सपरा, जाकिर अहमद और महाराष्ट्र कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अमरजीत मन्हास सहित अन्य नेता शामिल हैं। महाविकास आघाड़ी में बंटवारे पर मुंबई में कांग्रेस पार्टी को दो सीटें मिली थीं। इनमें से एक पर वर्षा गायकवाड़ जीतीं, जबकि दूसरी उत्तर मुंबई पर कांग्रेस के उम्मीदवार भूषण पाटिल चुनाव हार गए थे। भूषण पाटिल ने वर्षा गायकवाड़ पर सहयोग न करने और कांग्रेस विधायक असलम शेख के विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को पिछड़ने का भी आरोप लगाया है।

# 50-50 के फॉर्मूले पर चुनाव लड़ेगी महायुति

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के विधान परिषद की 15 सीटों पर अगले कुछ दिनों में चुनाव होने हैं। विधान परिषद की शिक्षक और स्नातक चुनाव क्षेत्र से संबंधित 4 सीटों पर इसी 26 जून को मतदान होने हैं। वहीं अन्य 11 सीटों के लिए 12 जुलाई को मतदान होगा। इस बीच, बताया जा रहा है कि 11 जुलाई को होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन वाली महायुति ने फीफ्टी-फीफ्टी का फॉर्मूला तैयार कर लिया है। फॉर्मूला के मुताबिक, 11 सीटों में से 5 सीटों पर भाजपा अपने उम्मीदवार उतारेगी, जबकि बाकी 6 सीटों पर महायुति में शामिल शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजीत गुट) के उम्मीदवारों को उतारने की रणनीति बनाई गई है।

### वोटों का समीकरण



जानकारी के लिए बता दें कि विधान परिषद में एक सदस्य को निर्वाचित होने के लिए औसतन 23 वोटों की जरूरत होती है। महाराष्ट्र में बीजेपी के पास 103 विधायक हैं, उसके बाद एसीपी (अजीत पवार) के 40 और शिवसेना (शिंदे गुट) के 38 विधायक है। वहीं, एमवीए में कांग्रेस के 37, शिवसेना (उद्धव गुट) के 15 और एनसीपी (शरद पवार) के 10 विधायक हैं, जबकि विधायक अशोक पवार और नवाब मलिक ने दोनों गुटों में से किसी को भी समर्थन देने का हलफनामा नहीं दिया है। इन आंकड़ो को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि महायुति में सहमति के आधार पर बीजेपी के 5, एनसीपी (अजीत पवार)-2, शिवसेना (शिंदे गुट)- 2 सदस्य को विधान परिषद भेज सकती है। जबकि, दूसरी तरफ महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस- 1 और शिवसेना (उद्धव गुट) व एनसीपी (शरद पवार) आपस में सहमति बनाकर अपने 1 सदस्य को विधान परिषद में भेज सकते हैं।

### 25 जून को जारी होगी अधिसूचना

बता दें कि विधान परिषद के 11 सदस्य 27 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस वजह से इन सीटों के लिए 12 जुलाई को चुनाव कराए जाएंगे।इसके लिए चुनाव आयोग 25 जून को अधिसूचना जारी करेगा। चुनाव के लिए इच्छुक उम्मीदवार 2 जुलाई तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। आवेदनों की जांच 3 जुलाई को की जाएगी। वहीं 5 जुलाई तक उम्मीदवार अपना फॉर्म वापस ले सकते हैं। 12 जुलाई को वोटिंग सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगी और उसी दिन मतगणना कर नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## एनसीबी ने 111 किलो गांजा जब्त किया, 4 गिरफ्तार



**मुंबई/अहमदनगर।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने अहमदनगर जिले के पाथर्डी में बीती रात दो वाहनों में से 111 किलोग्राम गांजा जब्त करके चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा उड़ीसा से लाया जा रहा था। एनसीबी मुंबई के अनुसार उनकी टीम को उड़ीसा से ड्रग लाए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर रविवार को रात में पाथर्डी इलाके में एनसीबी की टीम निगरानी कर रही थी। दो संदिग्ध वाहन दिखने पर तलाशी ली गई, जिसमें दोनों वाहनों से 111 किलोग्राम गांजा मिला। इन दोनों वाहनों में गांजा लाने वाले एसएम मोरे, एल शेख, आर मोहिते और एस शेख को एनसीबी की टीम ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। अब तक छानबीन में पता चला है कि यह गांजा पुणे और मुंबई में बिकने वाला था। एनसीबी इस मामले की जांच कर रही है।

# पोंजी मामले में ED का कड़ा एक्शन

## जब्त की 37 करोड़ रुपए की जमा राशि और कैश

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई के एक वित्तीय सलाहकार और उसकी कंपनी के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत नकदी तथा बैंक और डीमैट खातों में जमा करीब 37 करोड़ रुपये की राशि जब्त की है। बताया जा रहा है कि सलाहकार पर पोंजी योजना के माध्यम से निवेशकों के साथ 600 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप है। संघीय एजेंसी ने बताया कि अंबर दलाल और उसकी कंपनी रिट्ज कंसल्टेंसी सर्विसेज के खिलाफ 21 जून को शहर में छापेमारी करने के बाद यह कार्रवाई की गयी। मुंबई पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज किये जाने के बाद ईडी ने धन शोधन मामले की जांच शुरू की है।

### क्या है मामला ?




प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट और उसकी कंपनी ने एक संदिग्ध पोंजी योजना के माध्यम से निवेशकों को भारी मुनाफे का लालच देकर उनसे रुपये ऐंठे। ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक, दलाल शुरू में निवेशकों को मामूली रकम देने के बाद रुपये लेकर फरार हो गया। ऐसा अनुमान लगाया गया कि दलाल ने 1,300 निवेशकों से 600 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जुटाई थी। बयान के मुताबिक, दलाल को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने आरोप लगाया कि दलाल ने निवेशकों से यह कहकर धन जुटाया कि उसने सोना, चांदी, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, जस्ता, सीसा, निकल, तांबा, एल्युमीनियम जैसी नौ वस्तुओं और उनके व्यापार में निवेश किया है, जिससे पूंजी सुरक्षित रहेगी। दलाल ने अपने निवेशकों को 18 से 22 प्रतिशत वार्षिक मुनाफा देने का वादा किया था। ईडी ने कहा कि इसी तरह की योजना का इस्तेमाल करते हुए आरोपी ने संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के भी निवेशकों से धन जुटाया था।

# 'किसानों के दूध के दाम बढ़ाएं नहीं तो करेंगे आंदोलन'

### नाना पटोले ने दी चेतावनी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

विधानसभा चुनावों को लेकर एक ओर जहां मुख्यमंत्री जिलों के दौरे कर विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन कर रहे है तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष सरकार पर हमालावर है। अलग-अलग मुद्दों को लेकर कांग्रेस व महाविकास आघाडी के दल शिंदे सरकार को घेरने रही है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि एक बार फिर खुलासा हो गया है कि महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार किसान विरोधी है। विभिन्न राज्यों में किसानों को दूध का दाम 45 रुपए तक मिलता है, लेकिन महाराष्ट्र में किसानों का दूध केवल 27 रुपए में बिकता है और यही दूध बड़ी-बड़ी कंपनियां उपभोक्ताओं को 55-60 रुपए प्रति लीटर बेच रही हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने चेतावनी दी है कि राज्य सरकार को तुरंत इस पर ध्यान देना चाहिए और दूध उत्पादक किसानों के लिए दूध की कीमतें बढ़ानी चाहिए, अन्यथा उन्हें किसानों को न्याय देने के लिए सड़कों पर उतरना होगा।



### दूध उत्पादक किसानों को लूट रही सरकार: पटोले

पटोले ने कहा कि राज्य की भाजपा-शिंदे सरकार उन दूध उत्पादक किसानों को लूट रही है जिन्होंने श्वेत क्रांति में बड़ा योगदान दिया है। गायों और भैंसों के चारे और लागत में भारी वृद्धि हुई है, जबकि दूध की खरीद दर कम है। नाना पटोले ने कहा कि ये दरें बढ़ाकर किसानों की लूट बंद की जानी चाहिए।

### कर्जमाफी की घोषणा करें सरकार

पटोले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने किसानों से जो वादा किया था उसे पूरा करते हुए तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने किसानों का 2 लाख रुपए तक का कर्ज माफ कर दिया है। नाना पटोले ने मांग की है कि 27 जून से राज्य विधानमंडल का सत्र शुरू हो रहा है और शिंदे सरकार को इसी सत्र में किसानों की कर्जमाफी की घोषणा भी करनी चाहिए।

### महाराष्ट्र से जुड़े NEET पेपर लीक के तार

NEET पेपर लीक मामले को लेकर भी नाना पटोले ने सरकार को घेरा। कहा कि NEET पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र तक पहुंच गया है। जिन राज्यों में बीजेपी की सरकार है, वहां नीट पेपर लीक के कनेक्शन मिले हैं। केंद्र सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। नाना पटोले ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने और परीक्षा को ही रद्द करने की मांग की थी।

# तीन नाबालिग लड़कों की पिटाई करने के आरोपी को जमानत

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



बम्बई उच्च न्यायालय ने चोरी के शक में तीन नाबालिग लड़कों की बेरहमी से पिटाई करने के आरोपी 33 वर्षीय एक व्यक्ति को जमानत दे दी। आरोपी ने लड़कों को पीटते वक्त उनके गुप्तांगों पर वार किया था। अदालत ने जमानत देते हुए कहा कि मामले में आरोपी की मंशा यौन संबंध बनाने की नहीं थी।न्यायमूर्ति अनिल किलोर की एकल पीठ ने 21 जून को पारित एक आदेश में कपिल टाक को जमानत दे दी। सोमवार को उपलब्ध हुए आदेश के मुताबिक, अदालत ने पाया कि यह मामला सिर्फ और सिर्फ शारीरिक और मानसिक यातना का है।

### क्या है मामला ?

टाक को वर्ष 2021 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत मारपीट और आपराधिक धमकी के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। टाक और अन्य आरोपियों ने तीन नाबालिगों को कथित तौर पर निर्वस्त्र कर दिया और चमड़े की बेल्ट से उनकी पिटाई की। इतना ही नहीं आरोपी ने नाबालिग लड़कों का यौन उत्पीड़न भी किया। टाक पर घटना का वीडियो मोबाइल फोन में रिकॉर्ड करने का भी आरोप है। पीठ ने कहा, "प्राथमिकी पढ़ने और प्राथमिकी में आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को देखने के बाद, प्रथम दृष्टया ऐसा कुछ भी सामने नहीं आया, जिससे यह पता चले कि अपराधी का यौन संबंध बनाने का कोई इरादा था।"

### नाबालिग पीड़ितों को शारीरिक और मानसिक यातना

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि इस मामले में नाबालिग पीड़ितों को शारीरिक और मानसिक यातना दी गई क्योंकि टाक व अन्य आरोपियों का मानना था कि पीड़ित चोर थे। टाक की वकील सना खान ने दलील दी कि इस मामले में पॉक्सो के प्रावधान लागू नहीं होते क्योंकि अपराधी की मंशा यौन संबंध बनाने की नहीं थी। उन्होंने बताया कि टाक 2021 से जेल में बंद है और मामले में आरोपपत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। नाबालिग लड़कों में से एक की मां ने अप्रैल 2022 में टाक और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने देखा कि कुछ लोग एक वीडियो देख रहे हैं, जिसमें कुछ नाबालिग लड़कों की बेरहमी से पिटाई की जा रही थी और उनके गुप्तांगों पर वार किया जा रहा था। महिला ने उनमें से एक की पहचान की, जो उसका बेटा था।

## मकान मालिक की चिंता और हितों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता: कोर्ट



**मुंबई।** हाई कोर्ट ने कहा कि मकान मालिक की वैध चिंताओं और हितों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट के समक्ष दायर याचिका में मकान मालिक को पक्षकार (पार्टी) बनाने का निर्देश दिया है। किराएदार ने मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की नोटिस को ट्रायल कोर्ट में चुनौती दी है। बीएमसी का आरोप है कि दुकान में अवैध रूप से निर्माण कार्य और मूल ढांचे में बदलाव किया गया है।इसके बाद दुकान मालिक ने ट्रायल कोर्ट में उसे पक्षकार बनाने की याचिका की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। न्यायमूर्ति मिलिंद एन.जाधव की एकल पीठ ने दक्षिण मुंबई की एक दुकान मालिक की ओर से वकील आसिफ शेख द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि बीएमसी द्वारा किराएदार को जारी किए गए नोटिस, उसके कर्मचारियों और एजेंटों को विवादित निर्माण हटाने के लिए परिसर में प्रवेश का निर्देश, मकान मालिक के स्वामित्व वाली संपत्ति में प्रवेश होगा। ऐसे में मकान मालिक की वैध चिंताओं और हितों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यदि मकान मालिक मुकदमे में पक्षकार बनना चाहता है, तो मुकदमे के व्यापक और न्यायसंगत समाधान के लिए उसे शामिल करना उचित है।पीठ ने कहा कि किराएदार के पास लाइसेंस के माध्यम से केवल दुकान है। जबकि मकान मालिक लाइसेंस समाप्ति पर पूर्ण स्वामित्व का अधिकार रखता है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**डीवाई. सीएच. ईएनजी./3957/रोड्स/डब्लू. सबर्न**
**दि.19.06.2024**
**सार्वजनिक सूचना**

दैनिक सफाई के लिए हाउसकीपिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए संविदा श्रमिकों की नियुक्ति की जानी है कार्यालय, उप मुख्य अभियंता (सड़क) डब्लू. सबर्न, नगर निगम गोदाम बिल्डिंग, ए.विंग, दूसरी और तीसरी मंजिल, 90 फीट रोड, संस्कृति अपार्टमेंट, कांदिवली (पूर्व), मुंबई-400101 में।लॉटरी प्रणाली द्वारा उक्त कार्यों के लिए केवल स्थानीय अनुभव वाले गैर-सरकारी संगठन / स्वामित्व वाली फर्म का चयन करने के लिए सार्वजनिक सूचना महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है।उक्त निविदा की तिथि 27/06/2024 है।

इच्छुक संस्थाएं इस योजना की समस्त जानकारी सहित निविदा प्रपत्र प्रधान लिपिक (व्यय) के कार्यालय से खरीद सकती हैं। उप मुख्य अभियंता (सड़क) डब्ल्यू.एस. शनिवार, रविवार और छुट्टियों को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस पर दिनांक 24/06/2024 से दिनांक 26/06/2024 तक सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक चालान के माध्यम से रु. 3300 + 18% जीएसटी का नकद भुगतान करने पर। इसके अलावा उक्त टेंडर की ईएमडी 50,000 रुपये है।

हस्ता.
डीवाई.सीएच.अभि.
(रोड्स) प.उपनगर

पीआरओ/279/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

संपादकीय

# बालश्रम का संकट

मध्यप्रदेश के रायसेन जनपद में बाल श्रमिकों की बदहाली उजागर होना समाज में गरीबी-मजबूरी की नंगी सच्चाई बयां करता है। यह घटना एक खतरे की घंटी है कि जिन लोगों पर बच्चों के शोषण रोकने की जिम्मेदारी थी, वे निहित स्वार्थों के लिये कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं। कुछ सप्ताह पूर्व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यानी एनसीपीसीआर की टीम ने रायसेन की एक शराब फैक्टरी में भयावह स्थितियों में 19 लड़कियों समेत 58 नाबालिगों को काम करते हुए पकड़ा। इन बच्चों में से कई रासायनिक पदार्थों से प्रभावित भी हुए हैं। विडंबना देखिए कि इस छापे में बचाये गए 39 नाबालिग श्रमिक बाद में लापता हो गए। एनसीपीसीआर के अधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फ बाल श्रम का ही मामला नहीं है बल्कि यह मानव तस्करी से भी जुड़ा है। कुछ बच्चे अन्य राज्यों से लाए गए हैं। इस मामले में जवाबदेही में घोर लापरवाही और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा तमाम नियामक संस्थाएं भी सवालों के घेरे में हैं। जिन्होंने फैक्टरी मालिकों से मिलीभगत करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की। इस गंभीर मामले में ढिलाई कई सवालों को जन्म देती है। जिसका निष्कर्ष है कि बाल श्रम उन्मूलन राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं रहा है। यही वजह है कि कानून के तहत कार्रवाई होती नजर नहीं आई। जिसके चलते बाल श्रमिकों का शोषण लगातार जारी रहा। नोबेल पुरस्कार विजेता और देश में बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी लंबे समय से भारत में बाल शोषण के खिलाफ मुहिम चलाते रहे हैं। उनकी संस्था बचपन बचाओ आंदोलन और सहयोगी संगठनों की मदद से जोखिम वाले उद्योगों, कालीन उद्योग व ईंट-भट्टों से लाखों बच्चों को बचाया जा सका। लेकिन तंत्र की काहिली से संकट को जड़ से समाप्त नहीं किया जा सका। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, विश्व भर में 16 करोड़ से अधिक बच्चे विषम परिस्थितियों में बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं। भारत में यह संख्या श्रमिकों का ग्यारह प्रतिशत बतायी जाती है। दरअसल, कोविड-19 के संकट ने बच्चों के शोषण को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाया है। मां-बाप को काम न मिलने की स्थिति में बच्चों का स्कूल छूटा और वे कम उम्र में श्रमिक बनकर विभिन्न उद्योगों में काम कर रहे हैं। दरअसल, कोरोना संकट के बाद मानव तस्करी के मामलों में विश्वव्यापी वृद्धि देखी गई है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इस संकट ने गरीबी की दलदल में धकेला है। घर की आय पर आए संकट ने बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूल छोड़ने को मजबूर किया। जिसने बाल श्रम को बढ़ावा दिया। दरअसल, बालश्रम व मानव तस्करी एक संगठित अपराध के रूप में बच्चों पर संकट की वजह बना हुआ है। रायसेन का मामला अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की जरूरत बताता है। हमें इस दिशा में गंभीर कोशिश करनी होगी तथा बच्चों के पुनर्वास के लिये प्रयास करने होंगे। ये समाज, फैक्टरी मालिकों व सरकार की नैतिक जिम्मेदारी भी है।

शख्सियत | मदन मोहन

## संगीत की दुनिया के जादूगर



**मदन मोहन हिन्दी फ़िल्मों के एक प्रसिद्ध संगीतकार थे। अपनी गजलों के लिए प्रसिद्ध इस संगीतकार का पूरा नाम 'मदन मोहन कोहली' था। अपनी युवावस्था में वे एक सैनिक थे। बाद में संगीत के प्रति झुकाव के कारण वह ऑल इंडिया रेडियो से जुड़ गए। तलत महमूद तथा लता मंगेशकर से उन्होंने कई यादगार ग़ज़लें गंवाईं, जिनमें आपकी नजरों ने समझा, प्यार के काबिल मुझे जैसे गीत शामिल हैं। मदन मोहन 1950, 1960 और 1970 के दशक में बॉलीवुड फ़िल्म संगीत के प्रसिद्ध निर्देशक थे।**

25 जून 1924 को मदन मोहन का जन्म बगदाद, इराक में हुआ था। यहां उनके पिता राय बहादुर चुन्नीलाल इराकी पुलिस के साथ एक एकाउंटेंट जनरल के रूप में कार्यरत थे। मध्य पूर्व में जन्मे मदन मोहन ने अपने जीवन के पहले पांच साल यहीं बिताए। उनके पिता राय बहादुर चुन्नीलाल फ़िल्म व्यवसाय से जुड़े थे और बाम्बे टाकीज और फ़िल्मीस्तान जैसे बड़े फ़िल्म स्टूडियो में साझीदार थे। घर में फ़िल्मी माहौल होने के कारण मदन मोहन की रूची भी फ़िल्मों के प्रति बढ़ गई थी। काम कर बड़ा नाम करना चाहते थे, लेकिन अपने पिता के कहने पर उन्होंने सेना में भर्ती होने का फैसला ले लिया और देहरादून में नौकरी शुरू कर दी। कुछ दिनों बाद उनका तबादला दिल्ली में हो गया। लेकिन कुछ समय के बाद उनका मन सेना की नौकरी में नहीं लगा और वह नौकरी छोड़ लखनऊ आ गये।

लखनऊ में मदन मोहन आकाशवाणी के लिये काम करने लगे। आकाशवाणी में उनकी मुलाकात संगीत जगत् से जुडे. उस्ताद फ़ैयाज़ ख़ां, उस्ताद अली अकबर ख़ां, बेगम अख़्तर और तलत महमूद जैसी जानी मानी हस्तियों से हुई। इन हस्तियों से मुलाकात के बाद मदन मोहन काफ़ी प्रभावित हुये और उनका रुझान संगीत की ओर हो गया। अपने सपनों को नया रूप देने के लिये मदन मोहन लखनऊ से मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद मदन मोहन की मुलाकात एस. डी. बर्मन, श्याम सुंदर और सी. रामचंद्र जैसे प्रसिद्ध संगीतकारों से हुई और वह उनके सहायक के तौर पर काम करने लगे। बतौर संगीतकार वर्ष 1950 में प्रदर्शित फ़िल्म आंखें के ज़रिये मदन मोहन फ़िल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में सफल हुए। फ़िल्म आंखे के बाद लता मंगेशकर मदन मोहन की चहेती पार्श्वगायिका बन गयी और वह अपनी हर फ़िल्म के लिये लता मंगेश्कर से हीं गाने की गुज़ारिश किया करते थे। लता मंगेश्कर भी मदन मोहन के संगीत निर्देशन से काफ़ी प्रभावित थीं और उन्हें गज़लों का शहजादा कहकर संबोधित किया करती थी। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फ़िल्म दस्तक के लिये मदन मोहन सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किये गये। मदन मोहन ने अपने ढ़ाई दशक लंबे सिने कैरियर में लगभग 100 फ़िल्मों के लिये संगीत दिया। अपनी मधुर संगीत लहरियों से श्रोताओं के दिल में ख़ास जगह बना लेने वाले मदन मोहन 14 जुलाई 1975 को इस दुनिया से जुदा हो गए। उनकी मौत के बाद वर्ष 1975 में ही मदन मोहन की 'मौसम' और 'लैला मजनूं' जैसी फ़िल्में प्रदर्शित हुई जिनके संगीत का जादू आज भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करता है।

# विदेश नीति में दुविधा व संशय के निहितार्थ



ज्योति मल्होत्रा

हालिया चुनावी परिणामों से, राजनीति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की और हिंदुत्व के गढ़ के ऊपर भाजपा की मजबूत पकड़ ढीली पड़ी है और परेशानी बढ़ी है। 18वीं लोकसभा के आगामी मानसून सत्र की दृश्यावली अवश्य ही भविष्य का मंज़र प्रस्तुत करेगी। लेकिन एक बड़ा खेल जो शेष दुनिया में चल रहा है, जिसमें अमेरिका, रूस, चीन मुख्य ध्रुव हैं, यह देखना रोचक होगा कि ये देश अशांत क्षेत्र में स्थिरीकरण शक्ति की हैसियत रखने वाले भारतीय दावे को किस तरह लेंगे। प्रथम चीज़ सर्वप्रथम, गत सप्ताह के शुरू में, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार 79 वर्षीय अजीत डोभाल की–इस शक्तिशाली पद पर विराजमान, खुफिया विभाग के पूर्व मुखिया और अब तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार– नई दिल्ली में अपने अमेरिकी समकक्ष जैक सुलिवन से भेंटवार्ता हुई, जिसका एक मुख्य उद्देश्य अमेरिका से भारत को महत्वपूर्ण तकनीकों के हस्तांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना था। इस मुलाकात का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले, डोभाल और सुलिवन बगैर सहायकों व कमरे में किसी और की मौजूदगी रखे बिना मिले और यह बैठक कम-से-कम 30-40 मिनट चली। अवश्य ही किसी टेबल लैंप के बेस में या कीमती कलाकृति के पीछे रिकॉर्डिंग उपकरण छिपाया रहा होगा – जेम्स बॉन्ड की फिल्मों के शौकीन अब इतना तो जानते ही हैं- और दोनों ने ही बाद में अपने-अपने अधिकारियों से निजी वार्ता के मुख्य बिंदु साझा किए होंगे। परंतु यहां गलती न करें। बाकी मुलाकातें चाहे कितनी भी अहम रही हों जैसे कि आईसीईटी जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों को लेकर या प्रधानमंत्री-सुलिवन भेंट या फिर विदेश मंत्री एस जयशंकर और सुलिवन के बीच 'चाय पर चर्चा', कोई भी डोभाल-सुलिवन के मध्य निजी बातचीत जितनी महत्वपूर्ण नहीं थी (गौरतलब है कि इस बीच अमेरिका के उप-विदेशमंत्री कर्ट कैम्पबेल, जो कि चीन के मामले में अमेरिका के शीर्ष कूटनीतिज्ञ हैं, वे भी दिल्ली में थे)। और इसीलिए शेष तमाम विवरण नेपथ्य में चला गया– इसमें दिल्ली में शानदार सजावट वाला हैदराबाद हाउस, जो कि उच्चतम स्तर की तमाम राजनयिक वार्ताओं के लिए मुलाकात-स्थल है, वहां दिया आधिकारिक भोज भी शामिल है – यह शिष्टाचार निभाने के साथ अपने रुख पर दृढ़ रहने के उद्देश्य से भी है। अवश्य ही बातचीत का एक विषय न्यूयॉर्क वासी और खालिस्तान के पैरोकार गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास में भारत की कथित संलिप्तता के इर्द-गिर्द रहा होगा। न्यायालय में दाखिल अमेरिकी अभियोजन के अनुसार, एक भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता– जिसका चेक रिपब्लिक से अमेरिका को प्रत्यावर्तन ठीक उसी दिन हुआ जब नई दिल्ली में डोभाल-सुलिवन वार्ता जारी थी– उसको कथित तौर पर 'सीसी-1' नामक एक सह-साजिशकर्ता ने पन्नू को मरवाने का काम सौंपा। 'वाशिंगटन पोस्ट' ने अपने हालिया रहस्योद्घाटन में उसकी पहचान बताई है, जो कि भारत की विदेशों में गुप्तचर एजेंसी 'रॉ' में एक अधिकारी है। अब तक हमें यही सब पता है। हम यह भी जानते हैं कि जिस वक्त मामले की परतें खुल रही थी, भारतीयों ने अमेरिकियों को शांत करने के प्रयास किए, जिसके तहत उसके मूल कैडर में तबादला कर दिया गया। माना जाता है कि वह देश में लौट चुका है और मक्खियों और भावी-माओवादी, दोनों पर, घात लगाकर कार्रवाई के काम में व्यस्त होगा। पन्नू को मारने का यह कथित काम आज से ठीक एक साल पहले यानी 22 जून को अंजाम दिया जाना था –बेशक अमेरिकी एजेंटों ने इसे नाकामयाब कर दिया, तभी तो पन्नू आज भी जिंदा है, और शायद न्यूयॉर्क स्थित अपने घर में 'बैजल-एंड-चीज़' या फिर आलू के परांठों का आनंद ले रहा होगा। हालिया लोकसभा चुनाव में वह लोगों को पंजाबी में दिए अपने वॉयस-मैसेज में आह्वान कर रहा था कि वे अमृतपाल सिंह जैसे कट्टरपंथियों को जिताएं, भले ही वह खडूर साहिब सीट जीत भी गया, लेकिन इसके पीछे बड़ी वजह है पंजाब का 'दिल्ली' के प्रति स्थाई गुस्सा न कि पन्नू के पृथकतावादी संदेशों से बना भावावेश। भावार्थ यह कि पन्नू जिंदा हो या मुर्दा, वह अप्रांसगिक है। इस मुद्दे पर सुलिवन और डोभाल ने अपने हिसाब से इस विषय को निपटाया होगा, डोभाल माफी मांगने वालों में नहीं हैं– अपने आत्मसम्मान का ख्याल रखने वाला कोई भी खुफिया अधिकारी ऐसा कभी नहीं करना चाहेगा, और फिर वे क्षमायाचना करें भी किसलिए – लेकिन सभी पक्षों को मालूम है कि उच्च दांवों वाले इस खेल में सभी मुल्क एक-दूसरे की अक्ल, ताकत और कूवत को नापते हैं, जो कि आज भारत का हाथ कुछ हल्का है। लेकिन भारतीयों का इतिहास इस बारे में लंबा है। ऐसा एक मामला है 'रॉ' अधिकारी रबिंदर सिंह का, जिसे वर्ष 2004 में अमेरिकी एजेंटों ने अपने काम को अंजाम देते पहचान लिया था। भारतीय पक्ष के लोग आज भी नहीं भूले होंगे कि कैसे उसको अमेरिका से चोरी-छिपे निकालकर, नेपाल के रास्ते भारत वापस लाया जा सका था, जबकि तब तक दोनों देश एक-दूसरे का 'नैसर्गिक सहयोगी' होने की कसम खा चुके थे। वे जिन्हें जासूसी फिल्में देखने का चस्का है, उन्हें विशाल भारद्वाज द्वारा निर्मित फिल्म 'खुफिया', अगर पहले न देखी हो तो आज ही देखनी चाहिए – और पाएंगे कि प्रचलित किस्सों के बरअक्स हकीकत कहीं अधिक गंदली, उदास करने वाली और तड़क-भड़क विहीन होती है। आज की तारीख में ज्यादा अहम सवाल यह है कि जब मोदी ने तीसरी बार बागडोर संभाली है, भारत किस किस्म के रिश्ते अमेरिका से चाहता है और यही बात उस पर भी लागू है।

सहज योग

# सत्य ले शक्ति



**कुछ लोग तो रम्मी खेलते थे वो कहते हैं कि वो रम्मी हमारी छूट गई। उसमें मजा आ गया, ज़िन्दगी में मजा आएगा, इन्सान में मज़ा आएगा, उनके problems में भी मजा आएगा, उनके साथ जूझने में मजा आएगा।**

मनुष्य अपनी ही मौज में ऐसा रहेगा कि उसको फिर शराब-वराब की वो कहां, सिगरेट भी अपने आप छूट जाती है कुछ कहने की जरूरत नहीं। अपने आप ही सब कुछ छूट जाता है। हमारे यहां तो बम्बई में ये हालत है कि माचिस नहीं तो अपने घर से ले जानी पड़ती है धूपबत्ती जलाने के लिए, कोई भी सिगरेट नहीं पीता। बड़े-बड़े सिगरेट पीने वाले पता नहीं कैसे सिगरेट छोड़ दी। कुछ लोग तो रम्मी खेलते थे वो कहते हैं कि वो रम्मी हमारी छूट गई। उसमे मजा आ गया, ज़िन्दगी में मजा आएगा, इन्सान में मज़ा आएगा, उनके problems में भी मजा आएगा, उनके साथ जूझने में मजा आएगा। अब आप इन्सान के साथ एक होना चाहिए। अब ये भी ख्याल रखना चाहिए अब हमें जूझना नहीं हैं। अब वो नहीं रहे जो पहले थे, एकदम बदल गए। अब दूसरे हमारे साथ बदले नहीं, इनकी ओर देखना है। उसमें घबराने की कोई बात नहीं क्योंकि आप भी तो वैसे ही थे। बहुत से लोग सोचते कि हम बड़ी भारी position के हैं, बड़ी उनकी position खोपड़ी पर चढ़ी है। कोई सोचते हैं हम पैसे वाले हैं, कोई सोचते हैं बड़े भारी धार्मिक आदमी हैं। सोचने दीजिए। सब पागल हैं, उनकी तरफ देखिए ही नहीं। सब पागलखाने में अपने को बहुत अक्लमंद समझते हैं। जब उस पागलखाने में आप थे आप भी यही सोचा करते थे। वो सब पागलपन की बातें हैं। एक दम से जो सारी मिथ्या चीजें हैं धीरे-धीरे छूट जाएंगी। जब आप जान जाएंगे कि सत्य क्या है। अब आपके अन्दर वो शक्ति आ गई। अब आपमें ऐसी शक्ति आ गई जिसके कारण आप कोई सी भी बात सोचेंगे, उस सोच विचार का आप पर असर नहीं आता। जैसे कि कोई आदमी कहें कि मुझे गुस्सा नहीं करना तो बड़े अपने से पूछो अरे पागल ज़रा गुस्सा तो करो। आप शीशे के सामने खड़े होकर अपने को कहो जरा गुस्सा तो करो। हंसी आएगी। जब भी आप गुस्सा करिएगा अंदर से हँसते ही रहिएगा आपको पूरी समय हंसी ही आती है। गुस्से में आप लपटिएगा नहीं। लपट जाते हैं, किसी भी चीज़ में आप लपट नहीं सकते। सभी चीज़ काम, क्रोध मद, मत्सर आदि सब चीजें जो हैं इस विषय की एक अपनी एक खेल है, उसे आप देखिए। उसका एक खेल है उसे आप देखते रहिए। आप दूर रहें आप दूर से इसे देखते रहें। क्योंकि आप पहले बाहर थे, वो नहीं रहे और अब आप अन्दर हैं। सहज में यही करना है कि अपने को अन्दर रखना है बाहर नहीं। दूसरों से बात करते वक्त अन्दर रहें, माने निर्विचार किसी से भी बात करें, किसी से भी कुछ कहना हो तो पहले निर्विचार हो जाएं। निर्विचार होते ही आप उनके अन्दर उतर जाते हैं। फौरन उनका भी रंग बदल जाएगा और आपका तो बदला हुआ है ही। गर आप भी बाहर से वैसे आ जाएं तो हो सकता है आपको वो पनपा दे। अभी आप अन्दर बाहर हो सकते हैं क्योंकि वजह यह है कि अभी अभी कहीं अन्दर आप पहुँचे हैं, जैसे कि आप traffic में से गुज़र कर आ रहे हैं और आपको पहाड़ी पर बिठा दिया है, लेकिन आपको traffic की आदत हो गई है तो आपका ख्याल बनता है अरे मैं तो traffic में हूं।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

माइकल जैक्सन : निधन- 25 जून 2009

अवसान

# सपने देखो और उसे साकार करो

**माइकल जैक्सन 29 अगस्त 1958 में शिकागों के पास एक टाउन में अपने माता-पिता के सबसे छोटी संतान के रुप में पैदा हुए थे। 25 जून, 2009 में लॉस एंजिल्स में स्थित अपने घर में माइकल जैक्सन को हार्ट अटैक आया और उनकी मौत हो गई।**



यदि आप दुनिया को एक बेहतर जगह बनाना चाहते हैं, तो अपने आप पर एक नज़र डालें और एक बदलाव करें। मैं मानता हूं कि मैं इस दुनिया को नहीं बदल सकता फिर भी कम से कम ऐसा करने की कोशिश तो कर ही सकता हूं।

जब आप खुद पर संदेह कर रहे हों तो आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकते। यदि आप खुद पर विश्वास नहीं करेंगे, तो कौन करेगा? चाहे मुझे प्रताड़ित करो, चाहे मुझसे नफरत करो। तुम कभी भी मुझे हरा नही सकते। हमने खुद को नहीं बनाया, भगवान ने बनाया। हमारे पास जो कुछ भी हुनर है, ये उसकी ही देन है। एक ऐसी दुनिया जहां चाहे नफरत भरी हो, हमें उसमें भी प्यार की उम्मीद रखनी चाहिए। नफरत से भरी दुनिया में, हमें अभी भी उम्मीद करने की हिम्मत करनी चाहिए। गुस्से से भरी दुनिया में, हमें अभी भी आराम करने की हिम्मत करनी चाहिए। निराशा से भरी दुनिया में, हमें अभी भी सपने देखने की हिम्मत करनी चाहिए। और अविश्वास से भरी दुनिया में, हमें अभी भी विश्वास करने की हिम्मत करनी चाहिए। कृपया अपने सपनों को पूरा कीजिये। जो भी आपके आदर्श हैं, आप जो बनना चाहते हैं, बन सकते हैं। एक तारा कभी नहीं मर सकता। यह सिर्फ एक मुस्कान में बदल जाता है और लौकिक संगीत, जीवन के नृत्य में पिघल जाता है।

किसी को अपने दिल का टुकड़ा देने के लिए, दुनिया की सारी दौलत से ज्यादा है। दुनिया की सारी धन दौलत से कहीं ज्यादा कीमती अपने दिल में किसी को थोड़ी सी जगह देना है। सपने देखो, उसकी कल्पना करो उस पर भरोसा करो और उसे साकार करो। मैं मानता हूं कि मैं इस दुनिया को नहीं बदल सकता फिर भी कम से कम ऐसा करने की कोशिश तो कर ही सकता हूं।

प्रेरक प्रसंग

# तितली का संघर्ष

एक बार एक आदमी को अपने garden में टहलते हुए किसी टहनी से लटकता हुआ एक तितली का कोकून दिखाई पड़ा। अब हर रोज़ वो आदमी उसे देखने लगा , और एक दिन उसने notice किया कि उस कोकून में एक छोटा सा छेद बन गया है। उस दिन वो वहीँ बैठ गया और घंटो उसे देखता रहा। उसने देखा की तितली उस खोल से बाहर निकलने की बहुत कोशिश कर रही है , पर बहुत देर तक प्रयास करने के बाद भी वो उस छेद से नहीं निकल पायी , और फिर वो बिलकुल शांत हो गयी मानो उसने हार मान ली हो। इसलिए उस आदमी ने निश्चय किया कि वो उस तितली की मदद करेगा। उसने एक कैंची उठायी और कोकून की opening को इतना बड़ा कर दिया की वो तितली आसानी से बाहर निकल सके। और यही हुआ, तितली बिना किसी और संघर्ष के आसानी से बाहर निकल आई, पर उसका शरीर सूजा हुआ था,और पंख सूखे हुए थे। वो आदमी तितली को ये सोच कर देखता रहा कि वो किसी भी वक़्त अपने पंख फैला कर उड़ने लगेगी, पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसके उलट बेचारी तितली कभी उड़ ही नहीं पाई और उसे अपनी बाकी की ज़िन्दगी इधर-उधर घिसटते हुए बीतानी पड़ी। वो आदमी अपनी दया और जल्दबाजी में ये नहीं समझ पाया की दरअसल कोकून से निकलने की प्रक्रिया को प्रकृति ने इतना कठिन इसलिए बनाया है ताकि ऐसा करने से तितली के शरीर में मौजूद तरल उसके पंखों में पहुच सके और वो छेद से बाहर निकलते ही उड़ सके। वास्तव में कभी-कभी हमारे जीवन में संघर्ष ही वो चीज होती जिसकी हमें सचमुच आवश्यकता होती है। यदि हम बिना किसी struggle के सब कुछ पाने लगे तो हम भी एक अपंग के सामान हो जायेंगे। बिना परिश्रम और संघर्ष के हम कभी उतने मजबूत नहीं बन सकते जितना हमारी क्षमता है। इसलिए जीवन में आने वाले कठिन पलों को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखिये वो आपको कुछ ऐसा सीखा जायंगे जो आपकी ज़िन्दगी की उड़ान को possible बना पायेंगे।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# श्री हनुमानजी की महिमा



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हाथ जोड़कर अगस्त्यमुनि से बोले -ऋषिवर! निःसन्देह बालि और रावण दोनों ही भारी बलवान थे, परंतु हनुमान उन दोनों से अधिक बलवान हैं। इनमें शूरवीरता, बल, धैर्य, नीति, सद्गुण सभी उनसे अधिक हैं। यदि मुझे ये न मिलते तो भला क्या जानकी का पता लग सकता था! मेरे समझ में यह नहीं आया कि जब बालि और सुग्रीव में झगड़ा हुआ तो इन्होंने अपने मित्र सुग्रीव की सहायता करके बालि को क्यों नहीं मारा। आप कृपा करके हनुमानजी के बारे में मुझे सब कुछ बताईये।

रघुनाथजी के वचन सुनकर अगस्त्य मुनि बोले -हे रघुनन्दन! आप ठीक कहते हैं। हनुमानजी अद्भुत बलवान, पराक्रमी और सद्गुण सम्पन्न हैं, परंतु ऋषियों के श्राप के कारण इन्हें अपने बल का पता नहीं था। आपको इनके विषय में सब कुछ बताता हूं।

हनुमानजी के पिता केसरी सुमेरुपर्वत पर राज्य करते थे, उनकी पत्नी का नाम अंजना था। इनके जन्म के पश्चात एकदिन इनकी माता फल लाने के लिये इन्हें आश्रम में छोड़कर चली गई, जब शिशु हनुमान को भूख लगी तो वे उगते हुये सूर्य को फल समझकर उसे पकड़ने के लिये आकाश में उड़ने लगे, उनकी सहायता के लिये पवन भी बहुत तेजी से चला। उधर भगवान सूर्य ने उन्हें अबोध शिशु समझकर अपने तेज से नहीं जलने दिया, जिस समय हनुमानजी सूर्य को पकड़ने के लिये लपके, उसी समय राहु सूर्य पर ग्रहण लगाना चाहता था। हनुमानजी ने सूर्य के ऊपरी भाग में जब राहु का स्पर्श किया तो वह भयभीत होकर वहां से भाग गया। उसने इंद्र के पास जाकर शिकायत की कि -देवराज! आपने मुझे अपनी क्षुधा शांत करने के साधन रुप में सूर्य और चंद्र दिये थे। आज जब अमावस्या के दिन सूर्य को ग्रस्त करने के लिये गया, तो मैंने देखा कि एक दूसरा राहु सूर्य को पकड़ने जा रहा है। राहु की बात सुनकर इंद्र घबरा गये और राहु को साथ लेकर सूर्य की ओर चल पड़े। राहु को देखकर हनुमानजी सूर्य को छोड़कर राहु पर झपटे। राहु ने इंद्र को रक्षा के लिये पुकारा तो उन्होंने हनुमानजी के ऊपर वज्र का प्रहार किया, जिससे वे एक पर्वत पर जा गिरे और उनकी बायीं ठुड्डी टूट गई। हनुमानजी की यह दशा देखकर वायुदेव को क्रोध आया, उन्होंने उसीक्षण अपनी गति रोक ली। इससे कोई भी प्राणी सांस नहीं ले सका और सब पीड़ा से तड़पने पर सारे सुर, असुर, यक्ष, किन्नर आदि ब्रह्माजी की शरण में गये। ब्रह्माजी उन सबको लेकर वायुदेव के पास गये।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।




# द ग्रेट वुमन

नीलम रामअवध

इस लेख में हम उन महिलाओं के बारे में बताएंगे, जिन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए अपना अहम योगदान दिया है। ये उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं जो अकेले अपने दम पर अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं।

## गौहर जान



संगीतकार, नर्तक

जन्म- 26 जून 1873, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश
निधन- 17 जनवरी 1930

गौहर जान कोलकाता की एक भारतीय गायिका और नर्तकी थीं। वह भारत में 78 आरपीएम रिकॉर्ड पर संगीत रिकॉर्ड करने वाली पहली कलाकारों में से एक थीं, जिसे बाद में ग्रामोफोन कंपनी ऑफ इंडिया द्वारा जारी किया गया और जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 'ग्रामोफोन गर्ल' और 'भारत की पहली रिकॉर्डिंग सुपरस्टार' के रूप में जाना जाने लगा। 1902 और 1920 के बीच दस से अधिक भाषाओं में 600 से अधिक गाने रिकॉर्ड करने के बाद, जान को उस अवधि के दौरान ठुमरी, दादरा, कजरी और तराना जैसे हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है।

## अमला शंकर



प्रसिद्ध नृत्यांगना-कोरियोग्राफर

जन्म- 27 जून 1919, मगुरा जिला, बंगाल प्रेसीडेंसी
निधन- 24 जुलाई 2020

अमला शंकर एक प्रसिद्ध भारतीय नृत्यांगना और कोरियोग्राफर थीं, जिन्हें भारतीय शास्त्रीय नृत्य में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। बंगाल के जेसोर में जन्मी, वह कम उम्र में उदय शंकर की नृत्य मंडली में शामिल हो गईं और मंडली की एक प्रमुख हस्ती बन गईं, जिन्हें पारंपरिक भारतीय नृत्य को अभिनव आधुनिक नृत्यकला के साथ मिश्रित करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1942 में उदय शंकर से विवाह किया और नृत्य करना और सिखाना जारी रखा, जिससे कला के इस रूप पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। अमला शंकर को उनके काम के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार सहित कई पुरस्कार मिले। नृत्य में उनके योगदान और नर्तकियों की भावी पीढ़ियों पर उनके प्रभाव के माध्यम से उनकी विरासत जीवित है।

## पी. टी. उषा



एथलीट

जन्म- 27 जून 1964, पय्योली, केरल, भारत

पी. टी. उषा एक महान एथलीट हैं जिन्हें 'भारतीय ट्रैक और फील्ड की रानी' के रूप में जाना जाता है। उन्होंने स्प्रिंटिंग और हर्डलिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 1980 के दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उषा 1984 में ओलंपिक पदक से चूक गईं, लेकिन एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में कई पदक जीते। उनकी लगन और गति ने उन्हें 'पय्योली एक्सप्रेस' उपनाम दिलाया। प्रतिस्पर्धी एथलेटिक्स से संन्यास लेने के बाद, उन्होंने भारत में युवा एथलीटों को प्रशिक्षित करने के लिए उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स की शुरुआत की। वह महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बनी हुई हैं और भारतीय खेलों के विकास में योगदान देना जारी रखती हैं।

## रेणु खटोर



ह्यूस्टन विश्वविद्यालय प्रणाली की आठवीं चांसलर

जन्म- 29 जून 1955, फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश

रेणु खटोर एक भारतीय-अमेरिकी अकादमिक नेता हैं, जो वर्तमान में 2008 से यूनिवर्सिटी ऑफ़ ह्यूस्टन सिस्टम की चांसलर और अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। भारत के उत्तर प्रदेश में जन्मी खटोर ने संयुक्त राज्य अमेरिका जाने से पहले कानपुर विश्वविद्यालय से अपनी स्नातक की डिग्री पूरी की, जहाँ उन्होंने पर्ड्यू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में मास्टर और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उनके नेतृत्व में, ह्यूस्टन विश्वविद्यालय ने कार्नेगी फ़ाउंडेशन से टियर वन का दर्जा प्राप्त किया। खटोर उच्च शिक्षा में अपने परिवर्तनकारी योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने विश्वविद्यालय प्रणाली के भीतर अनुसंधान, नवाचार और सामुदायिक जुड़ाव में महत्वपूर्ण वृद्धि को बढ़ावा दिया है।

## संदीप वर्मा



ब्रिटिश राजनीतिज्ञ

जन्म- 30 जून 1959, अमृतसर, पंजाब

संदीप वर्मा, बैरोनेस वर्मा, एक ब्रिटिश राजनीतिज्ञ और व्यवसायी हैं। 1959 में भारत के पंजाब में जन्मी, वह कम उम्र में ही यू.के. चली गईं। वर्मा कंजर्वेटिव पार्टी की सदस्य हैं और 2006 में उन्हें हाउस ऑफ लॉर्ड्स में नियुक्त किया गया था। उन्होंने विभिन्न सरकारी भूमिकाओं में काम किया है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग और ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन विभाग में मंत्री के रूप में कार्य करना शामिल है। वर्मा समानता, महिला अधिकार और शिक्षा जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। उनके काम का उद्देश्य यू.के. में सभी के लिए, विशेष रूप से अल्पसंख्यकों और महिलाओं के लिए अवसरों में सुधार करना है।

## सीतारा कृष्णकुमार



भारतीय पार्श्व गायिका

जन्म- 01 जुलाई 1986, कोझिकोड, केरल, भारत

सीतारा कृष्णकुमार एक भारतीय पार्श्व गायिका, संगीतकार, गीतकार, शास्त्रीय नृत्यांगना और कभी-कभार अभिनय करने वाली अभिनेत्री हैं।वह तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों के अलावा मुख्य रूप से मलयालम सिनेमा में काम करती हैं। सीतारा एक प्रसिद्ध गायिका हैं, जिन्होंने हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत परंपराओं में प्रशिक्षण लिया है और वह एक मान्यता प्राप्त ग़ज़ल गायिका भी हैं। वह कई पुरस्कारों की प्राप्तकर्ता हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका के लिए तीन केरल राज्य फिल्म पुरस्कार शामिल हैं। 2014 में, उन्होंने एक संगीत बैंड ईस्टरागा का गठन किया, जो प्रसिद्ध संगीतकारों की एक टीम द्वारा समर्थित महिला उन्मुख गीतों के मिश्रण पर केंद्रित है।

# मेकअप के लिए करें सही फाउंडेशन का चुनाव



परफेक्ट फाउंडेशन ढूंढना एक चुनौती की तरह लग सकता है, लेकिन ऐसा होना ज़रूरी नहीं है! सही टिप्स के साथ, आप आसानी से अपनी त्वचा के प्रकार, रंग और जरूरतों से मेल खाने वाला फाउंडेशन चुन सकते हैं। चाहे आपकी त्वचा तैलीय हो, रूखी हो या संवेदनशील, आपके लिए हर तरह का फाउंडेशन मौजूद है। अपने लिए सही फाउंडेशन ढूंढने के लिए इन आसान स्टेप को फॉलो करें और जानें कि इसे कैसे लगाया जाए और एक बेदाग लुक पाएं। बिना किसी मेहनत के परफेक्ट रंग पाने के लिए तैयार हो जाएं! इन आसान टिप्स से आप कुछ ही समय में बेदाग त्वचा पा लेंगे।

### 1. अपनी त्वचा के प्रकार को जानें

अपनी त्वचा के प्रकार को समझना सही फाउंडेशन चुनने का पहला कदम है। यहां दी गई गाइड आपकी मदद करेगी।

**ऑयली स्किन :** चमक को नियंत्रित करने के लिए मैट या ऑयल-फ्री फाउंडेशन चुनें।

**रूखी त्वचा :** नमी और चमक जोड़ने के लिए हाइड्रेटिंग या ड्यूई फाउंडेशन चुनें।

**कॉम्बिनेशन स्किन :** ऐसा फाउंडेशन चुनें जो तैलीय और शुष्क क्षेत्रों के बीच संतुलन बनाए।

**संवेदनशील त्वचा :** जलन से बचने के लिए कोमल, प्राकृतिक अवयवों वाला फाउंडेशन इस्तेमाल करें।

### 2. सही फॉर्मूला चुनें

फाउंडेशन अलग-अलग फ़ॉर्म में आते हैं। यहां बताया गया है कि अपने लिए सबसे अच्छा फाउंडेशन कैसे चुनें:

**लिक्विड फ़ाउंडेशन :** वर्सेटाइल और कई फिनिश में उपलब्ध, ज़्यादातर त्वचा के प्रकारों के लिए उपयुक्त।

**पाउडर फ़ाउंडेशन :** ऑयली स्किन के लिए बढ़िया है क्योंकि यह शाइन को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**क्रीम फ़ाउंडेशन :** ज्यादा कवरेज देता है और रूखी या मैच्योर स्किन के लिए आदर्श है।

**स्टिक फाउंडेशन :** टच-अप के लिए सुविधाजनक और मीडियम से फुल कवरेज प्रदान करता है।

### 3. अपना सही शेड चुनें

सही शेड चुनना जरूरी है। इन स्टेप्स को फॉलो करें:

**खरीदने से पहले टेस्ट करें:** अपने चेहरे और गर्दन के सबसे नज़दीकी मैच को खोजने के लिए हमेशा अपने हाथ पर नहीं, बल्कि अपनी जॉलाइन पर फाउंडेशन का टेस्ट करें।

**नेचुरल लाइट :** यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह आपकी त्वचा की टोन के साथ सहज रूप से ब्लेंड हो, इसके लिए नेचुरल लाइट में शेड की टेस्ट करें।

**अंडरटोन :** अपने अंडरटोन (गर्म, ठंडा या न्यूट्रल) को पहचानें और अपने कॉम्पलेक्सन को कॉम्पलिमेंट करने वाले फाउंडेशन खोजें।

### 4. सही तरीके से लगाएं

आप जिस तरह से फाउंडेशन लगाते हैं, वह अंतिम रूप में बहुत बड़ा अंतर ला सकता है:

**साफ त्वचा से शुरू करें:** हमेशा साफ, नमीयुक्त चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं।

**प्राइमर :** अपने फाउंडेशन के लिए एक चिकना बेस बनाने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करें।

**टूल :** फाउंडेशन लगाने के लिए ब्रश, स्पंज या अपनी उंगलियों का इस्तेमाल करें। ब्रश पॉलिश लुक देते हैं, स्पंज नेचुरल फिनिश देते हैं और उंगलियां ब्लेंडिंग के लिए अच्छी तरह से काम करती हैं।

**अच्छी तरह मिलाएं :** सुनिश्चित करें कि आप प्राकृतिक लुक के लिए अपने हेयरलाइन, जॉलाइन और गर्दन पर फाउंडेशन को मिलाएं।

### 5. इसे सेट करें

अपने फाउंडेशन को लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए, इसे पाउडर या सेटिंग स्प्रे से सेट करें:

**पाउडर:** अपने फाउंडेशन को अपनी जगह पर बनाए रखने के लिए अपने चेहरे पर हल्के से ट्रांसुलेंट पाउडर छिड़कें।

**सेटिंग स्प्रे :** एक सेटिंग स्प्रे आपके मेकअप को लॉक कर सकता है और एक ताज़ा फिनिश दे सकता है।

### 6. मौसम के हिसाब से एडजस्ट करें

आपकी त्वचा की रंगत और ज़रूरतें मौसम के हिसाब से बदल सकती हैं। गर्मियों में, आपको पसीने और शाइन को नियंत्रित करने के लिए गहरे शेड या मैट फॉर्मूले की ज़रूरत हो सकती है। सर्दियों में, हल्का शेड या हाइड्रेटिंग फॉर्मूला रूखेपन से निपटने में मदद कर सकता है।

# स्किन टोन के हिसाब से लगाएं नेल पेंट

आजकल लड़कियां नेल आर्ट या नेल एक्सटेंशन करवाना पसंद करती हैं। क्योंकि हर कोई अपने हाथों को सुंदर दिखाना पसंद करता है। वहीं जब किसी शादी या पार्टी में जाने की बात होती है, तो अधिकतर लड़कियां बाहर जाकर नेल्स पर नेल पेंट लगवाती हैं। जिससे कि उनके हाथ भी सुंदर दिख सकें। ऐसे में लड़कियां अपनी ड्रेस से मैचिंग या फिर अपनी पसंद का नेल पेंट नाखूनों पर अप्लाई करती हैं। लेकिन नेल पेंट अप्लाई करने से पहले अपनी स्किन टोन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। जिससे कि जब आप नाखूनों पर नेल पेंट लगाएं, तो आपके हाथ सुंदर नजर आएं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस स्किन टोन के हिसाब से कौन सा नेल पेंट कलर अच्छा लगेगा।



### ब्राइट स्किन टोन

बता दें कि सभी की स्किन टोन अलग-अलग होती है। वहीं अगर आपकी ब्राइट स्किन टोन है, तो आपको अपने नाखूनों पर डार्क कलर जैसे- ब्लू, ब्लैक, ग्रीन, डार्क रेड, येलो कलर ट्राई करना चाहिए। साथ ही आप ग्लिटर वाला नेल पेंट भी लगा सकती हैं। ग्लिटर वाला नेट पेंट नाखूनों पर अप्लाई करने से हाथ सुंदर नजर आते हैं।

### गेहुंआ स्किन टोन

अधिकतर लोगों की स्किन टोन गेहुंआ होती है। ऐसे में अगर आपकी स्किन टोन गेहुंआ है, तो आप लाइट कलर शेड लगा सकती हैं। इससे आपके हाथ काफी ज्यादा सुंदर लगेंगे। गेहुंआ स्किन टोन की खासियत होती है कि इस पर किसी भी तरह का नेल पेंट कलर अच्छा लगता है। बस प्रयास करें कि ग्लिटर वाला नेल पेंट न लगाएं। क्योंकि इससे आपके हाथ थोड़े काले नजर आ सकते हैं।

### डार्क स्किन टोन

डार्क स्किन टोन वाली लड़कियों को अपने नाखूनों पर कभी भी लाइट कलर का नेल पेंट नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि इससे आपके हाथ और काले नजर आ सकते हैं। इससे अच्छा है कि आप डार्क कलर का नेल पेंट नाखूनों पर अप्लाई करें। आप ब्लैक, ब्राउन, येलो और ब्लू कलर छोड़कर कोई भी कलर का नेलं पेंट लगा सकती हैं। इससे आपके हाथ काफी ज्यादा सुंदर दिखेंगे। वहीं अगर आप चाहें तो मैट या फिर ग्लॉसी नेल पेंट भी अप्लाई कर सकती हैं।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**वृष** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मिथुन** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क** अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा।

**सिंह** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे।

**कन्या** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**तुला** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी।

**वृश्चिक** प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे।

**धनु** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी।

**मकर** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा।

# जन्म कुंडली के किस भाव को अत्यंत शुभ माना गया ?

लग्नेश को 6, 8, 12 भाव के स्वामित्व का दोष नहीं लगता।

5. परस्पर कारकः जब ग्रह अपनी उच्च, मूलत्रिकोण या स्वराशि के होकर केंद्र में स्थित होते हैं तो 'परस्पर कारक' (सहायक) होते हैं। दशम भाव में स्थित ग्रह अन्य कारकों से अधिक फलदायी होता है। कुछ आचार्य पंचम भाव में बलवान शुभ ग्रह को भी 'कारक' की संज्ञा देते हैं। 'मारक ग्रह' ज्योतिष ग्रंथों के अनुसार निम्न ग्रह पीड़ित होने पर अधिक हानिकारक (मारक) बन जाते हैं:-

1. अष्टमेश
2. अष्टम भाव पर दृष्टिपात करने वाले ग्रह।
3. अष्टम भाव स्थित ग्रह
4. द्वितीयेश और सप्तमेश
5. द्वितीय और सप्तम भाव स्थित ग्रह
6. द्वादशेश
7. 22वें द्रेष्कॉण का स्वामी
8. गुलिका स्थित भाव का स्वामी
9. 'गुलिका' से युक्त ग्रह।
10. षष्ठेश, व षष्ठ भाव में स्थित पापी ग्रह आदि।

**'कारक' व 'मारक' फलादेश**

1. एक बली 'कारक' ग्रह अपनी भाव स्थिति, स्वामित्व भाव और दृष्ट भाव को शुभता प्रदान करता है।
2. केंद्र (1, 4, 7, 10) भाव में स्थित 'कारक' की दशा पूर्ण शुभ फल देती है। पनफर (2, 5, 8, 11) भाव में स्थित 'कारक' की दशा मध्यम फल' और अपोक्लिम (3, 6, 9, 12) भाव में स्थित 'कारक' की दशा साधारण फल देती है। यह फलादेश ग्रह की दशा-भुक्ति में जातक को प्राप्त होता है।
3. पापकत्तरी योग में तथा पाप दृष्ट 'कारक' के शुभ फल में कमी आती है।
4. वक्री 'कारक' शुभ ग्रह अधिक शुभ फलदायी होता है।
5. किसी भाव का 'कारक' यदि उसी भाव में स्थित हो तो उस भाव संबंधी फल में कमी या कठिनाई देता है। यह स्थिति 'कारको भाव नाशाय' के नाम से प्रसिद्ध है।
6. एक 'कारक' ग्रह की दशा में अन्य 'कारक' की भुक्ति उत्तम फलदायी होती है।
7. 'कारक' ग्रह की दशा में संबंधित 'मारक' ग्रह की भुक्ति निम्न फल देती है।
8. यदि 'कारक' और 'मारक' ग्रहों में दृष्टि आदि का संबंध न हो तो 'मारक' ग्रह की भुक्ति कष्टकारी होती है।
9. एक 'मारक' ग्रह की दशा में अन्य 'मारक' ग्रह की भुक्ति अत्यंत अशुभ फल देती है।
10. जब किसी भाव का 'कारक' उस भाव से 1, 5, 9 भाव में गोचर करता है और बलवान (स्वक्षेत्री या उच्च) होता है तो उस भाव का उत्तम फल व्यक्ति को मिलता है।
11. गोचर में भावेश और भाव 'कारक' की युति, दृष्टि आदि संबंध होने पर उस भाव संबंधी शुभ फल प्राप्त होता है।






प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

**कपाली।** चांडिल थानांतर्गत कपाली ओपी स्थित सुवर्णरेखा नदी के गौरी घाट पर नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान कदमा भाटिया बस्ती के सुमित दास (25) के रूप में हुई है। शव को कपाली ओपी की पुलिस ने गोताखोर की मदद से सुमित दास के शव को नदी से बाहर निकाला। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटना रविवार की शाम करीब 5।30 बजे की है। कपाली थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि सुमित मजदूरी में कही काम करता था। पत्नी उर्मिला के बयान पर अज्ञात के खिलाफ अस्वभाविक मौत का केस दर्ज कराया है। वहीं पति के शव को देख कर सुमित की पत्नी उर्मिला और उसके परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

घटना के संबंध में कपाली पुलिस ने बताया कि रविवार की शाम को सुमित अपने दो दोस्तों के साथ सुवर्णरेखा नदी के गौरी घाट के पास गये थे। वहां जाने के बाद दोस्तों ने पार्टी मनायी। उसके बाद सुमित नदी में नहाने के लिए गया। नहाने के क्रम में ही सुमित नदी में काफी भीतर तक गया गया। उसके बाद अचानक से वह डूब गया। घटना के बाद इसकी सूचना दोस्तों ने कपाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। लेकिन अंधेरा होने के कारण कोई भी गोताखोर पानी में उतरने से इंकार कर दिया। एसके बाद सोमवार की सुबह पुलिस ने फिर से गोताखोर को लेकर गौरी घाट पहुंची। जहां गोताखोरों ने नदी में खोजबीन कर सुमित के शव को बरामद किया।

### पानी, बिजली, चिकित्सा सुविधाओं को लेकर जिला कलक्टर ने ली बैठक

**बूंदी।** पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें पेयजल उपलब्धता, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए कि खरीफ फसल बीमा योजना 2023 के तहत उड़द फसल खराबे के बीमा क्लेम के शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए बीमा कंपनी से समन्वय करें। आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो। इसके अलावा कृषि कनेक्शन जारी करने के कार्य में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतें और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार कनेक्शन जारी करने की कार्यवाही की जावे। साथ ही गोलपुरा क्षेत्र में कार्यों के लिए आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने जिले में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति मुहैया करवाई जाए।

# लातेहार पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता

## हथियार के साथ टीएसपीसी के 7 उग्रवादी अरेस्ट

एजेंसी । लखनऊ

लातेहार। झारखंड की लातेहार पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के सात उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। लातेहार पुलिस ने सोमवार को उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में ये जानकारी दी।

### हथियार, कैश व नक्सली पर्चे बरामद



लातेहार एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में दीपक उरांव (ईचाबार, नावागढ़), इस्लाम अंसारी उर्फ रवि (लेधपा बेन्दी), रूपेश कुमार (जामुन टोला, पोचरा), सुजीत कुमार उर्फ सुजु (ठाकुरपाड़ा, नावागढ़), रितेश कुमार रवि (नावागढ़), संजय भुईयां (दीपका टोली, बालूमाथ) व अजय सिंह (नगड़ी पांकी, पलामू) शामिल हैं। सभी की गिरफ्तारी सदर थाना क्षेत्र के इचाबार गांव से रविवार को हुई है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से दो लोडेड देसी रिवॉल्वर, एक लोडेड देसी कट्टा, 315 बोर की चार गोलियां, चार मोबाइल, पांच हजार रुपए कैश, टीएसपीसी के तीन पर्चे व तीन मोटरसाइकिल समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

### ईंट-भट्ठा मालिकों से मांगते थे लेवी

लातेहार के एसपी ने पत्रकारों को जानकारी दी कि दीपक उरांव व इस्लाम अंसारी जेल से छूटने के बाद इस क्षेत्र में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन को मजबूत करने के लिए कुछ युवकों के साथ गिरोह बनाकर ज्ञानचंद पांडेय, टन्नू सिंह व गोविंद साव समेत कई ईंट-भट्ठा मालिकों को फोन कर लेवी की मांग करते थे। लेवी नहीं देने पर टन्नू सिंह के ईंट-भट्ठे में मजदूरों के साथ मारपीट भी की थी। मामला दर्ज कर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। इसके बाद नक्सलियों को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया।

# हजारीबाग में ई-रिक्शा से बैंक भेजे गए थे नीट के प्रश्न पत्र

एजेंसी । हजारीबाग



हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य सह एनटीए सिटी को-ऑर्डिनेटर डॉ एहसान उल हक ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि एनटीए की गाइडलाइंस का पालन करते हुए उन्होंने पांच मई को नीट यूजी की परीक्षा संपन्न करायी थी। बिहार ईओयू की टीम पेपर लीक मामले की जांच कर रही है। हजारीबाग पहुंचकर टीम ने जानकारी ली। इसमें उन्होंने पूरा सहयोग किया। ईओयू की जांच के दौरान कूरियर के कर्मचारियों ने बताया कि प्रश्न पत्र के बक्से 3 मई 2024 को ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस द्वारा एसबीआई बैंक (हजारीबाग) पहुंचाए गए थे। प्रश्न पत्र के बक्से रांची से हजारीबाग गाड़ी से मंगवाए गए थे और उन बक्सों को ई-रिक्शा से बैंक भेजा गया था।

### पूरी जिम्मेदारी से किया है दायित्व का निर्वहन

हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक ने कहा कि हजारीबाग के पांच केंद्रों पर 05 मई 2024 को नीट यूजी की परीक्षा संपन्न कराई गई थी। 5 मई 2024 को आयोजित नीट प्रश्न पत्र की एक बुकलेट बिहार के पटना में अधजली मिली थी। इसकी जांच के लिए ईओयू की टीम 21 जून को हजारीबाग आई। ईओयू जांच टीम के साथ वे एसबीआई बैंक भी गए, जो नीट पेपर का कस्टोडियन था। 5 मई 2024 की सुबह 7:30 बजे के बाद प्रश्नों के बक्से रिसीव होने के बाद उन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किया। ईओयू की टीम मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने से पहले किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं है।

## अजब गजब बिहार

# बारात लेकर आया दूल्हा, साली संग लेने पड़े 7 फेरे

एजेंसी । समस्तीपुर



बिहार के समस्तीपुर में दूल्हे जब बारात लेकर ससुराल पहुंचा तो पता चला कि दुल्हन गायब है। दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार होने की सूचना के बाद इज्जत बचाने के लिए दोनों परिवारों ने मिलकर दूल्हे की शादी दूल्हन की छोटी बहन के साथ करवा दी। शादी की अगली सुबह पुलिस ने दुल्हन को बरामद कर लिया। उसने अपने प्रेमी पर किडनैप करने का आरोप लगाया है।

### बारात आते ही गायब हो गयी दुल्हन

विभूतिपुर थाना क्षेत्र में देर रात निकली बारात धूमधाम से लड़की के दरवाजे पर पहुंची। वहीं दुल्हन शौच के बहाने घर से निकलकर पीछे स्थित बगीचा में चली गई। वहां उसका प्रेमी पहले से इंतजार कर रहा था। अपनी पसंद के लड़के से शादी करने के लिए वह अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। दुल्हन के भागने की जानकारी जैसे ही लड़की वालों को हुई तो हड़कंप मच गया। उन्होंने इज्जत बचाने के लिए नया तरीका निकाल लिया। दुल्हन की छोटी बहन को शादी के लिए तैयार किया और उसी से लड़के की शादी कराई गई।

### दुल्हन की जगह साली ने दूल्हे के साथ सात फेरे लिए

रोसड़ा थाना क्षेत्र के पाबड़ा गांव से बारात विभूतिपुर थाना क्षेत्र में आई थी। लड़की पक्ष ने शादी की पूरी तैयारी कर ली थी। उधर लड़का भी पूरी तैयारी के साथ शादी के लिए पहुंच था, लेकिन जैसे ही बारात पहुंचने की जानकारी मिली कि लड़की गांव के ही अपने प्रेमी युवक के साथ फरार हो गई। जैसे ही इसकी जानकारी मिली कि लड़की गायब है तो पहले परिजनों ने लड़की की तलाश की, नहीं मिलने पर लड़की वालों ने घटना की सच्चाई लड़केवालों को बता दी। कुछ देर के मंथन के बाद लड़का ने दूल्हन की छोटी बहन से शादी करने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। दुल्हन की जगह साली ने दूल्हे के साथ सात फेरे लिए।

# कोरोबारी के घर मिला सेना का 250 जिंदा कारतूस

एजेंसी । सहरसा

सहरसा पुलिस ने एक कारोबारी के घर से भारतीय सेना का जिंदा कारतूस बरामद किया है। करीब 250 जिंदा कारतूस की बरामदगी के बाद पुलिस अब इसकी जांच में जुट गयी है। इन पकड़े गए कारतूसों के आधार पर पुलिस ने कैलाश को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ चल रही है। पूछताछ में कारोबारी ने बताया है कि उसका भाई सेना में है। वही कारतूस लाकर बिक्री करने के लिए अपने भाई को देता है।

# दरभंगा एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल भवन तैयार

एजेंसी । दरभंगा

दरभंगा एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा बढ़ने वाली है। यहां वर्तमान टर्मिनल भवन के पास ही 2।40 एकड़ में नया टर्मिनल भवन बनाया गया है। इसके पूरी तरह से कार्यरत हो जाने पर यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। 31 जुलाई से इसके कार्यरत हो जाने की उम्मीद है। दरभंगा एयरपोर्ट के प्रभारी निदेशक पार्था साहा ने कहा कि नए टर्मिनल भवन में कुछ तकनीकी काम बाकी है। इस काम के पूरा हो जाने के बाद इसे पूरी तरह कार्यरत कर दिया जाएगा।

### एयरपोर्ट की क्षमता दो गुनी होगी

रक्षा मंत्रालय से एनओसी मिलने के बाद 34 करोड़ की लागत से इस नए टर्मिनल भवन का निर्माण किया गया है। इस नए टर्मिनल भवन की क्षमता 600 यात्रियों की होगी। यहां पर 440 कुर्सियां लगायी गयी हैं। तीन लगेज बेल्ट की व्यवस्था की गयी है। साथ ही दो एप्रन (विमान को खड़े करने की जगह) बनाये गए हैं। नये टर्मिनल भवन के कार्यरत होने के बाद भी पुराना टर्मिनल भवन कार्यरत रहेगा। इस प्रकार दरभंगा एयरपोर्ट पर दो टर्मिनल भवनों की व्यवस्था हो जाएगी। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी। दोनों टर्मिनल भवन के कार्यरत हो जाने से यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। वर्तमान में दरभंगा एयरपोर्ट पर 10 विमानों से करीब 1500 यात्रियों का रोज आवागमन होता है। पुराने टर्मिनल भवन में यात्रियों की क्षमता दो सौ है। एक लगेज बेल्ट की व्यवस्था रहने से यात्रियों को इंतजार करना पड़ता है। कुर्सियां कम पड़ने के कारण पूर्व में कई बार दरभंगा एयरपोर्ट पर हंगामा भी हो चुका है। बाद में एयरपोर्ट प्रशासन को कुर्सियों की संख्या बढ़ानी पड़ी थी। अभी एयरपोर्ट पर केवल एक एप्रन रहने के कारण दो विमानों की ही पार्किंग की व्यवस्था है।

# सिंहभूम 3.2 अरब साल पहले था दुनिया का सबसे गर्म समुद्र तट

### वैज्ञानिकों ने किया दावा

एजेंसी । सिंहभूम

झारखंड का सिंहभूम जिला ओडिशा से सटा है। ओडिशा के पुरी स्थित समुद्र तट से सिंहभूम जिले की दूरी करीब 300 किलोमीटर है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि कभी सिंहभूम दुनिया का सबसे गर्म समुद्र तट हुआ करता था?

### अमेरिका के नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में छपी रिपोर्ट



जी हां, सिंहभूम के बारे में एक नई खोज सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि विश्व का पहला समुद्र तट यहीं (सिंहभूम में) था। वह भी करीब 3.2 अरब साल पहले। अमेरिका के नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में छपे इस रिसर्च से पहले एक शोध प्रकाशित हुआ था, जिसमें कहा गया था कि 2.5 अरब साल पहले महाद्वीप अस्तित्व में आए थे। नए शोध ने उस रिपोर्ट को गलत साबित कर दिया है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिकों ने अपने हालिया रिसर्च में दावा किया है कि उन्हें सिंहभूम में इस बात के पक्के सबूत मिले हैं कि यहां कभी समुद्र तट हुआ करता था। मोनाश यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक प्रियदर्शी चौधरी, जो इस रिसर्च के प्रमुख शोधकर्ता हैं, ने यह दावा किया है।

# जौनपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

एजेंसी । जौनपुर



जौनपुर के मीरगंज क्षेत्र के चौकीखुर्द गांव से बरात में गए हुए एक ही परिवार के पांच लोगों की बाइक से लौटते समय डंपर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा प्रयागराज जिले के सरायममरेज थाना क्षेत्र के रस्तीपुर गांव में हुआ। सभी एक ही बाइक पर सवार थे। प्रयागराज पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेते हुए ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, चौकीखुर्द गांव निवासी विकास कुमार (19) पुत्र बल्ली बनवासी बुढ़िया के इनारा से हंडिया बारात गया था। वहां से वह बरात से लौटने के बाद बाइक से घर चौकीखुर्द लौट रहा था। उसके साथ बाइक पर जनता देवी (34) पत्नी नमकीन बनवासी, लक्ष्मी (8) पुत्री नमकीन, दीवाना (7) पुत्र नमकीन व नमकीन की नानी सम्मरी (60) पत्नी देवकी सवार हो गए। पांचों एक ही बाइक से घर चौकीखुर्द के लिए लौट रहे थे। जैसे हभ्वे सराय ममरेज थाना क्षेत्र के रस्तीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रही डंपर की चपेट में आ गए।

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 131 अंक चढ़कर 77,341 पर बंद

### निफ्टी में भी 36 अंक की तेजी रही

एजेंसी । मुंबई

शेयर मार्केट में 24 जून को मामूली बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 131 अंक की तेजी के साथ 77,341 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 36 अंक की बढ़त रही। ये 23,537 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली है। आज ऑटो, एनर्जी और FMCG शेयर्स में ज्यादा तेजी रही। M&M के शेयर में आज 2।86% की बढ़त देखने को मिली है।

### शुक्रवार को बाजार में रही थी गिरावट



इससे पहले बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी 21 जून को निफ्टी ने 23,667 का रिकॉर्ड स्तर छुआ था। हालांकि, दिनभर के कारोबार के बाद यह नीचे आया और 65 अंक की गिरावट के साथ 23,501 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, सेंसेक्स में भी 269 अंक की गिरावट रही, ये 77,209 के स्तर पर बंद हुआ था।

### एशियाई बाजारों में भी मिला जुला कारोबार

- एशियाई बाजारों में मिला जुला कारोबार देखने को मिला। जापान के निक्केई में 0।54% की तेजी रही। वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही।
- HDFC बैंक, M&M, ICICI बैंक, ITC, पावरग्रिड और सनफार्मा ने मार्केट को ऊपर खींचा। वहीं रिलायंस, इंफोसिस, एक्सिस बैंक और इंडसइंड बैंक बाजार को नीचे खींचा।

# सोने में 120 रुपए की गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 120 रुपये के नुकसान के साथ 73,480 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव के मुकाबले 400 रुपये की गिरावट के साथ 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 92,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। शुक्रवार को जारी अमेरिकी विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों के अपेक्षा से अधिक मजबूत होने के बाद सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, जिससे व्यापारियों को अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती के समय पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# कच्चे तेल में स्थिरता से रुपया 11 पैसे चढ़ा



एजेंसी । मुंबई

मुंबई। रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 11 पैसे की तेजी के साथ 83।46 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के रुख तथा वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता के कारण रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि दुनिया की प्रमुख प्रतिद्वन्द्वी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने से भी रुपये को मदद मिली। हालांकि, कमजोर एशियाई बाजार और पश्चिम एशिया में ताजा भू-राजनीतिक तनाव ने तेज बढ़त पर रोक लगा दी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय रुपया 83।52 पर खुला और कारोबार के दौरान 83।44 के दिन के उच्चतम स्तर को छू गया। कारोबार के अंत में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की तेजी के साथ 83।46 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# एसएंडपी ने वृद्धि दर अनुमान कायम रखा

एजेंसी । नई दिल्ली




एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को 6।8 प्रतिशत पर कायम रखते हुए कहा है कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी। एशिया प्रशांत के लिए सोमवार को जारी अपने आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है और बीते वित्त वर्ष में यह 8।2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ने कहा, हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर घटकर 6।8 प्रतिशत पर आ जाएगी। ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से गैर-कृषि क्षेत्रों की मांग प्रभावित होगी। एसएंडपी का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था क्रमशः 6।9 प्रतिशत और सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए एसएंडपी का वृद्धि दर का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से कम है। इससे पहले इसी महीने केंद्रीय बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7।2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

# हीरो मोटोकॉर्प एक जुलाई से दाम बढ़ाएगी



एजेंसी । नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प अपने चुनिंदा स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल की कीमतों में एक जुलाई, 2024 से 1,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करने जा रही है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि उत्पादन की ऊंची लागत की वजह से उसे यह कदम उठाना पड़ रहा है। यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और बाजार के हिसाब से भिन्न होगी। हीरो मोटोकॉर्प स्प्लेंडर शृंखला, एचएफ डीलक्स और ग्लैमर सहित कई बाइक बेचती है। इसकी स्कूटर शृंखला में जूम और डेस्टिनी 125 एक्सटीईसी शामिल हैं।

# श्रम संगठनों के साथ बजट पूर्व चर्चा




एजेंसी । नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर श्रम संघों और श्रमिक संगठनों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने अपने सुझाव दिए और विचार रखे।

बैठक में वित्त सचिव; आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ ही श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए।

# स्टेनलेस पाइप के आयात पर शुल्क जारी रखने की सिफारिश



एजेंसी । नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने घरेलू कंपनियों को संरक्षण देने के लिए चीन और वियतनाम से आयातित वेल्डेड स्टेनलेस स्टील पाइप एवं ट्यूब पर लगाए सब्सिडी-रोधी शुल्क को जारी रखने की सिफारिश की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने एक अधिसूचना में कहा है कि उत्पाद पर 29।88 प्रतिशत तक सब्सिडी-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की गई है। इस शुल्क को लगाने के बारे में अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय को करना है।

बारिश से प्रभावित मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन विकेट से हराया

# दक्षिण अफ्रीका दस साल बाद सेमीफाइनल में

एजेंसी । नॉर्थ साउंड

स्पिनर तबरेज शम्सी की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आखिरकार दस साल के बाद टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया है। उसने सोमवार को बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन विकेट से हरा दिया। इस के साथ ही सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम 2009 और 2014 में भी सेमीफाइनल में पहुंची थी लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ सकी थी। देखना है क्या इस बार वह इतिहास रच सकेगी।




### शम्सी का शानदार प्रदर्शन

दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (24 रन, एक विकेट) और कप्तान एडन मार्कराम (28 रन, एक विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज की।

### नंबर गेम

- 03 बार कुल दक्षिण अफ्रीका की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है
- 02 बार वेस्टइंडीज की टीम चैंपियन बनी जबकि दो बार सेमीफाइनल में हारी
- 52 रन विंडीज के ऑलराउंडर रोस्टन चेज ने बनाए और तीन विकेट लिए भी
- 29 रन सर्वाधिक दक्षिण अफ्रीका की ओर से ट्रिस्टन स्टब्स ने बनाए

### ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहा

दक्षिण अफ्रीका ने सुपर 8 में अपने तीनों मैच जीते और इस तरह से ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। वह अन्य मेजबान अमेरिका को 10 विकेट से हराकर पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था।

दक्षिण अफ्रीका ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रीजा हेंड्रिक्स (00) और क्विंटन डिकॉक (12) के विकेट गंवा दिए थे। बारिश थमने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो मार्कराम (18), ट्रिस्टन स्टब्स (29 रन) और हेनरिक क्लासेन (22 रन) ने जिम्मेदारी संभाली। लेकिन वह मार्को यानसेन (14 गेंदों में नाबाद 21 रन) थे जिन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय द्वारा फेंके गए 17वें ओवर की पहली गेंद पर खूबसूरत छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

### काम न आया चेज का प्रदर्शन

रोस्टन चेज ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए लेकिन उनका यह ऑलराउंड प्रदर्शन भी वेस्टइंडीज को जीत नहीं दिला पाया। बारिश के बाद पिच बल्लेबाजी के लिए थोड़ा आसान हो गई थी जिसका दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को फायदा मिला। वेस्टइंडीज को बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती ने निराश किया जिन्होंने अपने एक ओवर में 20 रन देकर एक विकेट लिया।

### नहीं चला पूरन का बल्ला

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्कराम ने गेंदबाजी की शुरुआत की और वेस्टइंडीज के सबसे विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन को केवल एक रन पर आउट कर दिया। काइल मेयर्स (34 गेंद, 35 रन) और वेस्टइंडीज की तरफ से सभी प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले चेज ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़कर आंद्रे रसेल और रोवमैन पॉवेल जैसे हिटर के लिए अच्छा मंच तैयार किया लेकिन शम्सी और महाराज ने शानदार गेंदबाजी करके एकदम से पासा पलट दिया। रसेल ने 15 रन की पारी के दौरान एनरिक नोर्जे पर दो छक्के भी लगाए लेकिन वह टीम को 150 रन तक नहीं पहुंचा पाए। उनके रन आउट होने से वेस्टइंडीज की चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने की उम्मीद समाप्त हो गई। चेज ने 42 गेंद की पारी ने तीन चौके और दो छक्के लगाए।

# अफगानिस्तान के सामने बांग्लादेश को हराने की चुनौती

**किंग्सटाउन।** पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से भरी अफगानिस्तान की टीम के सामने मंगलवार को विश्व कप के सुपर आठ मैच में बांग्लादेश की चुनौती होगी। अफगान टीम के पास पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका बरकरार है। उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ भी करेगी। बांग्लादेश से उसका सामना उसी मैदान पर होगा जिसमें उसने आस्ट्रेलिया को हराया था। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत अभी ग्रुप में शीर्ष पर काबिज है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश का नंबर है। ऑस्ट्रेलिया का नेट रन रेट अफगानिस्तान से बेहतर है और अगर वह भारत को हरा देता है तो फिर उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ जाएंगी।




### नंबर गेम

- 11 टी-20 मुकाबले दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए
- 06 मैच अफगानिस्तान ने जबकि पांच बांग्लादेश ने जीते
- 238 रन सबसे ज्यादा टूर्नामेंट में अफगानिस्तान के गुरबाज ने बनाए हैं
- 15 विकेट सर्वाधिक अफगान गेंदबाज फजलहक फारुकी ने चटकाए हैं

### बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो, अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। अफगानिस्तान की टीम में कई ऑलराउंडर हैं, उन्हें यहां की परिस्थितियों में फायदा मिल रहा है।अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं। अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है। टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है। अफगानिस्तान इन दोनों से बांग्लादेश के खिलाफ भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।




### खराब रहा बांग्लादेश का प्रदर्शन

जहां तक बांग्लादेश का सवाल है तो ऑस्ट्रेलिया और भारत से हार के कारण उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना समाप्त हो गई है। उसके बल्लेबाज पूरे टूर्नामेंट में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उसकी टीम को अच्छे पावर हिटर की भी कमी खल रही है। सलामी बल्लेबाज लिटन दास और तंजीद खान के खराब प्रदर्शन से भी टीम को नुकसान हुआ है। बल्लेबाज तौहीद हृदोय और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने हालांकि अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है और टीम के अन्य खिलाड़ी उनसे प्रेरणा देने की कोशिश करेंगे।



## अदिति और दीक्षा ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिये। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन पक्का कर लिया था। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी । दीक्षा के लिए यह दूसरा मौका होगा तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे। ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति ने ही किया है। वह तोक्यो ओलंपिक में पदक से चूक कर चौथे स्थान पर रही थी। ओलंपिक प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं।

## नयी दक्षिण अफ्रीका टीम दबाव से पार पाना जानती है : शम्सी

**नॉर्थ साउंड।** लंबे समय से 'चोकर्स' का ठप्पा झेल रही दक्षिण अफ्रीका टीम के स्पिनर तबरेज शम्सी ने कहा कि 'नयी दक्षिण अफ्रीका' टीम ने इस टी20 विश्व कप में दबाव का सामना बखूबी किया है । एडेन मार्क्रम की टीम टूर्नामेंट में अपराजेय रही है जबकि लगभग सभी मैचों में उसने करीबी जीत दर्ज की है ।दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को एक रन से, बांग्लादेश को चार रन से और इंग्लैंड को सात रन से हराया । रविवार को उसने मेजबान वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई ।

शम्सी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' कई मैच काफी करीबी रहे जो नहीं होने चाहिये थे । लेकिन खुशी की बात यह है कि यह नयी दक्षिण अफ्रीका टीम है जो दबाव के आगे घुटने नहीं टेकती ।''

## जबरदस्त कॉमेडी से भरपूर है 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' का ट्रेलर



'फुकरे', 'रूही' और 'छिछोरे' जैसी सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुके अभिनेता वरुण शर्मा को आखिरी बार रणदीप हुड्डा के साथ फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। जल्द ही वरुण फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान सिमर प्रीत सिंह ने संभाली है। अब निर्माताओं ने 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो जबरदस्त कॉमेडी से भरपूर है। 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' में वरुण के अलावा सनी सिंह, मनजोत और जस्सी गिल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। पत्रलेखा और इशिता राज जैसी अभिनेत्रियां भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर 10 जुलाई, 2024 से होगा। निर्माताओं ने सोशल मीडिया और यूट्यूब पर ट्रेलर साझा किया है।



# 'कल्कि 2898 AD' को हरी झंडी





प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की फिल्म 'कल्कि 2898 AD' का इंतजार आखिरकार आगामी 27 जून को खत्म हो जाएगा। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। ताजा खबर है कि सेंसर बोर्ड ने 'कल्कि 2898 AD' को 'U/A' सर्टिफिकेट देकर हरी झंडी दिखाई है। इस फिल्म को हर उम्र के लोग देख सकते हैं, 12 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी व्यस्क के साथ फिल्म देखनी होगी। फिल्म 3 घंटे और 56 सेकंड की होगी।

### दिशा पाटनी भी हैं फिल्म का हिस्सा

'कल्कि 2898 AD' में प्रभास, दीपिका और अमिताभ के अलावा कमल हासन, दुलकर सलमान और दिशा पाटनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। नाग अश्विन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। यह एक पौराणिक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसे 600 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। इसे अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म बताया जा रहा है। इसमें प्रभास का किरदार भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि से प्रेरित है, वहीं दीपिका योद्धा की भूमिका में दिखेंगी।

## फिल्म 'उलझ' की रिलीज टली

जाह्नवी कपूर को आखिरी बार राजकुमार राव के साथ फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में देखा गया था। 40 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 51.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब जाह्नवी फिल्म 'उलझ' में नजर आएंगी, जिसके निर्देशन की कमान सुधांशु सरिया ने संभाली है। 'उलझ' 5 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं फिल्म की रिलीज तारीख को टाल दिया है। 'उलझ' के लिए आपको थोड़ा और इंतजार करना होगा। अब यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में जाह्नवी के अलावा रोशन मैथ्यू, गुलशन देवैया और आदिल हुसैन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। विनीत जैन इस फिल्म के निर्माता हैं। बॉक्स ऑफिस पर 'उलझ' का सामना अभिनेता विक्रांत मैसी की आगामी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' में नजर आएंगे, जिसकी कहानी 2002 की गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित है।

## पंकज त्रिपाठी ने खोले 'मिर्जापुर 3' में अपने किरदार कालीन भैया से जुड़े राज



भारत की मच अवेटेड क्राइम थ्रिलर सीरीज़ में से एक, मिर्ज़ापुर सीज़न 3 ने अपने एक्शन से भरपूर ट्रेलर के साथ दर्शकों के बीच काफ़ी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है। इस ट्रेलर को वीकेंड पर अलग - अलग प्लेटफ़ॉर्म पर 1.9 मिलियन से ज़्यादा बार देखा जा चुका है। देश भर में भौकाल मचाते हुए, ट्रेलर में बाहुबलियों के बीच एक जबरदस्त घमासान को शतरंज के खेल की तरह दिखाया है, जहां हर कोई अपना दम दिखाने के लिए आमादा है, ताकि वह मिर्ज़ापुर की राजगद्दी को हासिल कर सकें। बदले, महत्वकांक्षा, राजनीति, विश्वासघात, धोखा, और उलझी हुई पारिवारिक रिश्तों से भरी, यह नया सीज़न यह वादा करता नजर आ रहा है कि यह और भी बड़ा और बेहतर होने वाला है। सीरीज के जबरदस्त प्रीव्यू ने दुनिया भर के फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है क्योंकि इसने मिर्जापुर के किंग यानि कालीन भैया के वापस आने का हिंट दिया है।

पंकज त्रिपाठी जिन्होंने इस आईकॉनिक किरदार को निभाया है, उन्हें हर बार अपनी वर्सेटिलिटी और टेलेंट के लिए सराहा जाता है। ऐसे में पंकज त्रिपाठी ने खुद को ग्लोबल स्टार बनाने वाले शो के बारे में बात करते हुए कहा है, रमिर्जापुर मेरे करियर का एक बड़ा टर्निंग पॉइंट था। इंटरव्यू में अब जर्नलिस्ट हमें स्टार कास्ट कहते हैं। लेकिन मिर्जापुर के ग्लोबल हिट बनने से पहले हम सिर्फ शो की कास्ट थे। मिर्जापुर में ही हमें स्टार में बदल दिया है, सीजन 1 के बाद फैंस खास करके औरतों के रिएक्शन ने मुझे हैरत में डाल दिया। मुझे समझ में आया कि कालीन भैया वैसे डॉन हैं, जो इंडियन सिनेमा में पहले कभी नहीं देखे गए हैं। टिपिकल माफिया और डॉन से अलग, कालीन भैया खुद में नम्र, नीति वाला और विश्वसनीय दिखाते हैं। कालीन भैया एक आम क्रिमिनल नहीं है जो उसे दूसरों से अलग बनाता है। हम सबके जैसे उसमें भी कई चेहरे हैं, जो उसे इंसानी फितरत की एक सच्चाई की तस्वीर बनाते हैं।

एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, मिर्जापुर सीजन 3 का निर्देशन गुरमीत सिंह और आनंद अय्यर ने किया है। इसमें अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुगल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेनयुली, हर्षिता शेखर गौड़, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, मेघना मलिक और मनु ऋषि चड्ढा जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं।

दस एपिसोड की यह सीरीज 5 जुलाई को प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से प्रीमियर होगी।

न्यूज़ ब्रीफ

## एयर अरेबिया की सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में नौकरियों में 5 नंबर बोनस का फैसला पलटा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सरकारी भर्ती परीक्षा में सामाजिक और आर्थिक आधार पर पिछड़े उम्मीदवारों को 5 बोनस अंक दिए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने नौकरियों में सामाजिक व आर्थिक आधार पर पिछड़े आवेदकों को 5 बोनस अंक देने का फैसला किया था। फैसला 5 मई, 2022 से लागू किया था। इसके तहत जिस परिवार में कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में न हो और परिवार की आमदनी सालाना 1.80 लाख रुपए से कम हो, ऐसे परिवार के आवेदक को 5 अतिरिक्त अंक का लाभ मिलता है।

## मिर्गी मरीज की खोपड़ी में लगाई मशीन

**लंदन।** ब्रिटेन में 13 साल के मिर्गी के मरीज के दौरे को नियंत्रित करने के लिए उसकी खोपड़ी में एक डिवाइस लगाई है। इस डिवाइस का नाम न्यूरोस्टिम्युलेटर है जो उसके मस्तिष्क में गहराई तक विद्युत संकेत भेजता है। इस डिवाइस की वजह से मरीज ओरान नॉल्सन के मिर्गी के दौरे में 80 फीसदी तक की कमी आई है। ओरान नॉल्सन की मां का कहना है कि डिवाइस लगने के बाद से उसका जीवन स्तर काफी बेहतर हो गया है। ओरान नॉल्सन न्यूरोस्टिम्युलेटर डिवाइस के परीक्षण से गुजरने वाला दुनिया का पहली मरीज बन गया है। यह सर्जरी पिछले साल अक्तूबर में एक परीक्षण के तौर पर की गई थी। दरअसल, मिर्गी के दौरे में मस्तिष्क में विद्युत गतिविधियां असामान्य हो जाती हैं। ओरान नॉल्सन की खोपड़ी में लगाई डिवाइस न्यूरोस्टिम्युलेटर विद्युत की निरंतर पल्स उत्सर्जित करता है साथ ही यह असामान्य संकेतों को रोकता है।

## सरकारी जमीन से 1500 परिवार हुए बेदखल

**मोरीगांव।** असम के मोरीगांव जिले में वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बसे करीब 1500 परिवारों को यह क्षेत्र खाली करने के लिए कहा गया है। जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने सोमवार को संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि करीब 10,000 लोगों के ये परिवार जागीरोड के सिलभंगा गांव में सरकारी जमीन पर बस गए हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को 12 जून को नोटिस दिया गया था, जिसमें लोगों को 10 दिन के भीतर इस जमीन को खाली करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि इसमें से अधिकतर परिवारों ने इस आदेश का पालन किया है। देवाशीष शर्मा ने आगे बताया कि इनमें से कुछ परिवार के बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, जिसके लिए उन्होंने समय मांगा है।

## श्रीलंका जेल में बंद भारत के 22 मछुआरे, CM ने पत्र लिखकर की रिहाई की मांग

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के 22 मछुवारे श्रीलंका में गिरफ्तार किए गए हैं, साथ ही उनकी तीन नाव भी जब्त की ली गई हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्र से मछुआरों की रिहाई और नौका वापस कराने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर श्रीलंका द्वारा 'गिरफ्तारी और धमकी की घटनाओं' के कारण मछुआरों की आजीविका के निरंतर नुकसान का उल्लेख किया।

# NEET पेपर लीक मामला : लातूर से लेकर दिल्ली तक एक्शन

# अब तक 25 गिरफ्तारियां




एजेंसी । नई दिल्ली

NEET परीक्षा के पेपर लीक की जांच में अब तक देश के अलग-अलग राज्यों से 24 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बिहार से 13, झारखंड से 5, गुजरात के गोधरा से 5 और महाराष्ट्र के लातूर से 2 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। नांदेड़ ATS ने लातूर के 2 टीचर संजय तुकाराम जाधव और जलील खान उमर खान पठान, नांदेड़ के इरन्ना मशनाजी कोंगलवाव और दिल्ली के गंगाधर के खिलाफ पब्लिक एग्जाम एक्ट 2024 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जाधव और पठान को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य दो आरोपी फरार हैं।

### CBI की टीम बिहार और गुजरात पहुंची

मामले की जांच केंद्र सरकार ने CBI को सौंपी है। CBI की टीमें 24 जून को बिहार और गुजरात पहुंची है। बिहार EOU ने अपनी जांच रिपोर्ट CBI को सौंप दी है। पटना में पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के लिए EOD की 6 टीमें अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है। मामले की जांच केंद्र सरकार ने CBI को सौंपी है। CBI की टीमें आज 24 जून को बिहार और गुजरात पहुंची है। बिहार EOU ने अपनी जांच रिपोर्ट CBI को सौंप दी है। पटना में पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के लिए EOD की 6 टीमें अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है।

### ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी

वहीं NEET मामले पर अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने PM से कहा है कि सेंट्रलाइज्ड परीक्षा का सिस्टम खत्म हो और पहले की तरह डीसेंट्रलाइज्ड हो। यानी राज्य और केंद्र अलग-अलग परीक्षाएं आयोजित करें।

### NSUI ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया

NEET परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर NSUI के सदस्यों ने दोपहर 1 बजे दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकरियों ने संसद घेरने के प्रयास में पुलिस बैरिकेड तोड़ने की भी कोशिश की। प्रदर्शन में परीक्षा रद्द करने और शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। सुरक्षाबलों ने बैरिकेड कूदने वाले प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और फिलहाल प्रदर्शन खत्म कर दिया है।

### NEET मामले की जांच ED को सौंपने पर फिलहाल SC का आदेश नहीं

इससे पहले सोमवार को NEET UG मामले की जांच ED को सौंपने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई आदेश नहीं दिया। जस्टिस एएस ओका और जस्टिस राजेश बिंदल की वेकेशन बेंच ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होने दें। अभी कोई जल्दबाजी नहीं है। यह सुनवाई 10 जून को सुप्रीम कोर्ट में दायर शिवानी मिश्रा समेत 10 शिकायतकर्ताओं की याचिका पर ही थी। एडवोकेट मैथ्यूज नेदुम्परा ने एग्जाम में गड़बड़ियों की जांच ED को सौंपने और दोषियों पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई किए जाने की अपील की थी।

## केजरीवाल की जमानत पर आज फैसला सुनाएगा दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से मिली जमानत बरकरार रहती है या नहीं, इस पर दिल्ली हाईकोर्ट कल यानी 25 जून को दोपहर 2:30 बजे फैसला सुनाएगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को बेल दी थी, लेकिन ED की याचिका पर हाईकोर्ट ने 21 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश पर स्टे लगा दिया था। 21 जून को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा था कि हम 24-25 जून तक फैसला सुनाएंगे। तब तक जमानत पर रोक रहेगी। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

- बेल देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई थी, इसके बाद सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



### हाईकोर्ट में जवाब दाखिल

वहीं ED ने सोमवार को हाईकोर्ट में जवाब दाखिल कर केजरीवाल को लोअर कोर्ट से जमानत दिए जाने को गैरकानूनी बताया। एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की वेकेशन बेंच के सामने जो भी जरूरी दस्तावेज रखे गए थे, बेंच ने उन पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। ED ने कहा कि इन दस्तावेजों में सबूत थे कि अरविंद केजरीवाल मनी लॉन्ड्रिंग केस में गर्दन तक डूबे हैं। दिल्ली शराब घोटाले से जो काला धन जमा हुआ था, उसमें आम आदमी पार्टी की बड़ी हिस्सेदारी थी। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अरविंद केजरीवाल की भूमिका को नजरअंदाज करके वेकेशन बेंच ने गंभीर भूल की है। उधर इन सभी डेवलपमेंट से पहले आज सुप्रीम कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई।

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल

## प्रज्वल की न्यायिक हिरासत 8 जुलाई तक बढ़ी

- मामले में 31 मई को गिरफ्तारी हुई
- समलैंगिक संबंध मामले में भाई भी अरेस्ट



### 31 मई को गिरफ्तारी

प्रज्वल को 31 मई को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने पहले उन्हें 6 जून तक SIT की हिरासत में भेजा। 6 जून को उनकी पुलिस कस्टडी 10 जून तक बढ़ा दी गई। फिर 10 जून को बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने उन्हें 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना की न्यायिक हिरासत 8 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। बेंगलुरु की कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने इससे पहले 10 जून को उन्हें 24 जून तक, 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा था।

### प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप

प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। उनके खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों से जुड़े अब तक तीन FIR दर्ज की गई हैं। प्रज्वल हासन के पूर्व JDS सांसद रहे हैं। वे JDS विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते हैं।

## कबूलनामा : हमारे यहां अल्पसंख्यकों का हो रहा उत्पीड़न, दुनिया भर में हमारी बदनामी : ख्वाजा आसिफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी स्वीकार किया है कि वहां अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। ख्वाजा आसिफ ने नेशनल असेंबली में बोलते हुए माना कि हमारे यहां मजहब के नाम पर अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न हो रहा है। यह चिंता की बात है। ख्वाजा आसिफ ने कहा, 'हर दिन अल्पसंख्यकों का कत्ल होता है। इस्लाम की छाया में वे सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। मैं उनकी चिंताओं को दूर करना चाहता हूं, लेकिन विपक्ष अड़ंगे लगाता है। पाकिस्तान की दुनिया भर में बदनामी हो रही है।'

# रेल हादसों पर जल्द लगेगा ब्रेक!

एजेंसी । नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में हाल ही के दिनों में दो ट्रेन के बीच हुए टक्कर ने एक बार फिर से रेलवे कवच (Kavach) को सुर्खियों में ला दिया है। वहीं, इन हादसों को लेकर रेल मंत्रालय अब सतर्क हो गया है। मंत्रालय इसको गंभीरता से लेते हुए रेल हादसों को शून्य करने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रहा है।

अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की कवच 4.0 के उन्नत संस्करण की प्रगति की समीक्षा
- रेल मंत्री को कवच 4.0 के उन्नत संस्करण पर एक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई



### रेल मंत्री ने की कवच 4.0 की समीक्षा

वहीं, इसी क्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में 22 जून को स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 के उन्नत संस्करण की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि 3.2 वर्जन वाले कवच को उच्च घनत्व वाले मार्गों पर लगाया जा रहा है।

### रेल दुर्घटनाओं को रोकने में मिलेगी मदद

समीक्षा के दौरान रेल मंत्री को कवच 4.0 के उन्नत संस्करण पर एक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कवच 4.0 की समीक्षा करने के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेडी होने के बाद इसको जल्द से जल्द मिशन मोड में योजनाबद्ध तरीके से इंस्टाल कराया जाए। वहीं, रेलवे ने कहा कि कवच पर पूरी तरह अमल के बाद रेल दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी।

### कवच प्रणाली को किसने किया है विकसित?

मालूम हो कि अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (RDSO) द्वारा विकसित कवच प्रणाली आपातकालीन स्थिति में जब ट्रेन चालक समय पर कार्रवाई करने में विफल रहता है तब स्वचालित ब्रेक लगा सकती है, जिससे खराब मौसम में भी सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित होता है। अधिकारी के मुताबिक, अब तक कवच प्रणाली को कुल 1,465 किलोमीटर लंबे मार्ग और 121 इंजनों पर लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसल प्रणाली को कई निर्माता विकसित कर रहे हैं, जो कि विकास के कई चरणों में है।

### नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक

नवीन पटनायक ने सोमवार को पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की है। उन्होंने सांसदों को 27 जून से शुरू होने वाले राज्यसभा के सत्र के दौरान एक जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का निर्देश दिया है। पटनायक ने सांसदों से कहा है कि वह संसद में राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाए।

## आतिशी की सेहत बिगड़ी, बीपी-शुगर में कमी

चार दिन में 2.2 किलो वजन कम हुआ, कीटोन का स्तर भी लगातार बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** चार दिन से भोगल में अनशन पर बैठीं दिल्ली की जलमंत्री आतिशी का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा है। बीपी और शुगर लेवल में कमी आने के साथ ही उनका वजन भी 2.2 किलोग्राम कम हुआ है। शुगर लेवल में 28 यूनिट की गिरावट आई है। सोमवार को उनका शुगर लेवल घटकर 71 पर पहुंच गया। वहीं, रक्तचाप घटकर 110/ 70 एमएमएचजी पर पहुंच गया। यूरिन कीटोन का स्तर भी बढ़कर 1.5 पहुंच गया है। सोमवार को एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टरों




ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण के बाद अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी, लेकिन जलमंत्री ने उनकी सलाह नहीं मानी। आतिशी ने कहा कि उनकी जान से ज्यादा जरूरी दिल्ली के लोगों को उनके हक का पानी दिलाना है। जब तक हरियाणा की ओर से पानी नहीं छोड़ा जाएगा, तब तक अनशन जारी रहेगा।

## सरोगेसी से मां बनने वाली महिला कर्मचारी भी ले सकेंगी मैटरनिटी लीव

केंद्र ने बदल दिए नियम, शासकीय महिला कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शासकीय महिला कर्मचारियों को सरोगेसी से मां बनने पर भी मैटरनिटी लीव देने का फैसला किया है। इसके लिए सरकार ने 50 साल पुराने नियम में बदलाव करते हुए, ऐसी स्थिति में 180 दिनों का मातृत्व अवकाश देने की अनुमति दी है। साथ ही पिता भी 15 दिन का पितृत्व अवकाश ले सकेंगे। कार्मिक मंत्रालय ने केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) में संशोधित नियमों की अधिसूचना जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। जारी अधिसूचना में बताया गया कि सरोगेसी के मामले में, सरोगेट मां, साथ ही दो से कम जीवित बच्चों वाली कमीशनिंग मां को 180 दिनों का मातृत्व अवकाश दिया जा सकता है, यदि दोनों में से कोई एक या दोनों सरकारी कर्मचारी हैं।

**अब तक नहीं था इससे जुड़ा कोई नियम :** गौरतलब है कि अब तक सरोगेसी के जरिए बच्चे के जन्म की स्थिति में महिला सरकारी कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश देने का कोई नियम नहीं था। नए नियमों के अनुसार, 'सरोगेसी के माध्यम से पैदा हुए बच्चे के मामले में, कमीशनिंग पिता, जो एक पुरुष सरकारी कर्मचारी है और उसके दो से कम जीवित बच्चे हैं, उसे बच्चे की डिलीवरी की तारीख से 6 महीने की अवधि के भीतर 15 दिनों का पितृत्व अवकाश दिया जा सकता है।'



## 'भाजपा को अब कोई समर्थन नहीं'

नवीन पटनायक ने सांसदों को दिया अहम निर्देश

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा दोनों ही चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत दर्ज की है। भाजपा ने बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाई और लंबे समय से राज्य के सीएम रहे बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक को सत्ता से बाहर किया। आपको बता दें कि बीजद संसद में ज्यादातर मामलों में भाजपा के साथ होती थी। हालांकि, अब चुनाव परिणाम के बाद बीजद ने अब संसद में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सरकार के विरोध में जाने का फैसला किया है। इसे लेकर नवीन पटनायक ने अपने राज्यसभा सांसदों को



अहम दिशानिर्देश दिए हैं। नवीन पटनायक ने सोमवार को पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की है। उन्होंने सांसदों को 27 जून से शुरू होने वाले राज्यसभा के सत्र के दौरान एक जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का निर्देश दिया है। पटनायक ने सांसदों से कहा है कि वह संसद में राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाए।

**सर्वेक्षण** अर्थ फार ऑल तथा ग्लोबल कॉमन्स एलायंस द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में हुआ खुलासा

# धनकुबेरों पर अत्यधिक कर के पक्ष में दुनिया की 68 फीसदी आबादी

एजेंसी । नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देश के लोगों में सुधार की मांग तेजी से बढ़ रही है। एक नए सर्वेक्षण से पता चलता है कि अधिकांश नागरिक कर व्यवस्था में बदलाव, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्काल कार्रवाई और आर्थिक प्राथमिकताओं में बदलाव चाहते हैं। वे बड़े बदलावों के लिए अमीरों पर कर लगाने के भी पक्ष में हैं। अर्थ फार ऑल तथा ग्लोबल कॉमन्स एलायंस द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में यह सामने आया है। इस सर्वे में अमेरिका, चीन और भारत जैसे प्रमुख देशों के 18 से 75 आयु वर्ग के 22000 से अधिक वयस्कों को शामिल किया गया है।



### अमीरों पर कर लगाने की स्पष्ट सहमति

सर्वे के अनुसार दुनियाभर में बदलावों के लिए धन इकट्ठा करने के लिए अमीरों पर कर लगाने की स्पष्ट सहमति है। 17 जी-20 देशों में (चीन को छोड़कर, जहां यह सवाल नहीं पूछा गया था) के 68 फीसदी उत्तरदाताओं ने अमीरों पर संपत्ति कर लगाने का समर्थन किया है। यह मांग आयकर तक भी फैली हुई है, ज्यादातर लोग उच्च आय वालों और बड़े उद्योगों पर भी अधिक कर लगाने के पक्ष में हैं। संपत्ति कर के लिए समर्थन इंडोनेशिया के 86 फीसदी, तुर्किये के 78 फीसदी तथा ब्रिटेन के 77 फीसदी लोग हैं। भारत में 74 फीसदी लोगों ने कर लगाने का समर्थन किया है। यहां तक कि सऊदी अरब और अर्जेंटीना में भी बहुमत (54%) इसके समर्थन में हैं।

### जलवायु परिवर्तन से लड़ाई नागरिकों की प्रमुख चिंता

जलवायु परिवर्तन से लड़ाई नागरिकों के लिए एक अन्य प्रमुख चिंता है। सर्वेक्षण में शामिल सभी 18 जी-20 देशों के 71% उत्तरदाताओं ने कहा कि दुनिया को बिजली उत्पादन, परिवहन, भवनों, उद्योग और खाद्य उत्पादन से कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अगले दशक के भीतर महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है। यह भावना मेक्सिको (91%), दक्षिण अफ्रीका (83%) और ब्राजील (81%) जैसे विकासशील देशों में सबसे मजबूत है। संयुक्त राज्य अमेरिका (62%) और इटली (62%) जैसे विकसित देशों में भी तत्काल कार्रवाई के पक्ष में अधिकांश लोग हैं।

### भारत साहसी कदम उठाने वाले देशों में

यह सर्वेक्षण विशिष्ट देशों पर भी गहराई से नजर डालता है। भारत साहसी कदम उठाने वाले देश के रूप में उभर कर आता है। सर्वेक्षण में शामिल भारतीयों ने किसी भी अन्य जी-20 देश की तुलना में सार्वभौमिक आधारभूत आय (71%) के लिए सबसे मजबूत समर्थन दिखाया। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वे संपत्ति (74%), उच्च आय वालों (78%) और निगमों (78%) पर कर बढ़ाने का भी जोरदार समर्थन करते हैं।

### लाभ कमाने तक सीमित न रहे अर्थव्यवस्था

सर्वेक्षण आर्थिक सफलता के संबंध में प्राथमिकताओं में बदलाव को भी दर्शाता है। 17 जी-20 देशों में दो तिहाई(68%) लोग मानते हैं कि उनकी अर्थव्यवस्थाओं को केवल लाभ कमाने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय लोगों और पर्यावरण के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके अलावा, 62% का मानना है कि राष्ट्र की सफलता को आर्थिक विकास दर से नहीं, बल्कि उसके नागरिकों के बेहतर जीवन से मापा जाना चाहिए। यह सर्वेक्षण सरकार में लोगों के भरोसे की कमी को भी उजागर करता है। 17 जी-20 देशों में केवल 39% लोगों का मानना है कि उनकी सरकार ऐसे फैसले लेने के लिए भरोसेमंद है जो अधिकांश लोगों को लाभ पहुंचाते हैं, और केवल 37% को ही विश्वास है कि उनकी सरकार आने वाली पीढ़ियों को लाभ पहुंचाने वाले दीर्घकालिक फैसले ले सकती है। भरोसे की इस कमी से सुधार की मांग पैदा होती है। 17 जी-20 देशों में 65% उत्तरदाताओं ने अपनी राजनीतिक व्यवस्था में बड़े बदलाव की आंकाक्षा जताई है। आर्थिक प्रणालियों की स्थिति भी इससे बेहतर नहीं है। 67 फीसदी उत्तरदाताओं ने महत्वपूर्ण सुधार की वकालत की है।

### अमीरों पर टैक्स पर लोगों की राय (आंकड़े प्रतिशत में हैं)

| देश | कर के पक्ष में | कर न लगे |
|---|---|---|
| इंडोनेशिया | 86 | 3 |
| तुर्किये | 78 | 5 |
| ब्रिटेन | 77 | 8 |
| भारत | 74 | 9 |
| कनाडा | 71 | 10 |
| दक्षिण कोरिया | 71 | 10 |
| केन्या | 70 | 18 |
| ब्राजील | 69 | 13 |
| ऑस्ट्रेलिया | 69 | 12 |
| दक्षिण अफ्रीका | 68 | 12 |
| जर्मनी | 68 | 12 |
| फ्रांस | 67 | 12 |
| अमेरिका | 67 | 13 |
| मेक्सिको | 63 | 10 |
| ऑस्ट्रिया | 63 | 16 |
| इटली | 61 | 13 |
| जापान | 58 | 10 |
| स्वीडन | 58 | 20 |
| डेनमार्क | 55 | 21 |
| अर्जेंटीना | 54 | 18 |
| सउदी अरब | 54 | 12 |
| जी20 औसत | 68 | 11 |

(नोट : समर्थन या विरोध न करनेवाले तथा पता नहीं वाले लोग भी उत्तरदाताओं में शामिल हैं, इसलिए कुल प्रतिशत 100 से कम है)